26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 21 अगस्त , 2026

अंक- 297 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# पुलिस स्टेशन के बाहर धरने पर बैठे राहुल गांधी

## पैलेट गन पीड़ित को साथ लेकर पहुंचे...FIR की मांग



**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी दिल्ली के संसद मार्ग थाने पहुंचे, वह जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल को लेकर चल रही जांच की जानकारी लेने डीसीपी ऑफिस गए थे। कांग्रेस नेता यह जानना चाहते थे कि इस मामले में जांच अब तक कहां तक पहुंची है और पुलिस की तरफ से क्या कार्रवाई की गई है? खास बात है कि राहुल पैलेट गन पीड़ित साहिल लोहबच को साथ लेकर गए। राहुल ने आरोप लगाया कि एफआईआर दर्ज नहीं की गई है और थोड़ी देर में वो मीडिया को संबोधित करेंगे। राहुल फिलहाल थाने के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। मौके पर मीडियाकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों की भीड़ है। इसके अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी मौके पर मौजूद हैं। राहुल गांधी ने दिल्ली पुलिस के ज्वाइंट सीपी नुपुर प्रसाद से मुलाकात की है। उन्हें चार्ज संभाले अभी एक-दो दिन ही हुए हैं। मुलाकात के बाद राहुल गांधी बाहर आए और यहां पहुंचने के बाद अचानक बाहर ही बैठ गए। उनके लिए कुर्सी लगाई गई और राहुल गांधी धरने पर बैठ गए।

## सर्वोदय विद्यालयों के बेहतर संचालन के लिए बड़े बदलाव बेहद जरूरी- योगी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में व्यवस्थित संचालन में बड़े बदलाव की जरूरत बताई है। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में सीएम ने विद्यालयों से जुड़ी स्पष्ट नियमावली तैयार करने, शिक्षकों के खाली पदों पर चयन प्रक्रिया आगे बढ़ाने और आवासीय विद्यालयों का प्रबंधन और संचालन ज्यादा व्यवस्थित ढंग से करने के लिए सोसाइटी के गठन के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में 93 जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित थे, जबकि वर्ष 2025-26 तक इनकी संख्या बढ़कर 103 हो गई है।

आवश्यकता है
डाईवर, रसोइया
योग्यता:
ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए,शिक्षा-12वीं पास
सभी प्रकार के चार पहिया चलाने का अनुभव होना चाहिए
ड्राईवर वेतन: ₹18000 प्रति माह (पद-2)
रसोइया वेतन: ₹16000 प्रति माह (पद-2)
स्थान: A.S. कॉर्पोरेशन, बिजनौर
7417744345

*नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।*
*न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।*

## आरिष्टी/रस्म पगड़ी



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पूज्य माता जी श्रीमती सुनीता अग्रवाल ( पत्नी स्व. विनोद कुमार अग्रवाल ) का स्वर्गवास दिनांक 20 अगस्त 2026, बृहस्पतिवार को हो गया था। जिनकी आरिष्टी निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगी।

दिनांक - 22 अगस्त 2026, शनिवार
यज्ञ प्रात- 9:00 बजे ब्रह्मभोज - 12:00 बजे,
रस्म पगड़ी- अपराह्न 2:00 बजे
स्थान- स्वयंवर बैंकेट हॉल, किरतपुर रोड, बिजनौर

-: शोकाकुल परिवार :-

विनीत कुमार अग्रवाल ( लालू )- प्रीति अग्रवाल ( पुत्र-पुत्रवधू )
शैफाली अग्रवाल-शरद अग्रवाल, खुशबू गर्ग-शलभ गर्ग ( पुत्री- दामाद )
एवं समस्त अग्रवाल परिवार, बिजनौर मो. 9837429404

प्रतिष्ठान- ❖वी.के. कोल्ड स्टोरेज एण्ड आईस फैक्ट्री ❖लॉर्ड शिवा फार्म, नूरपुर रोड बिजनौर ❖स्वयंवर बैंकेट हॉल, किरतपुर रोड, बिजनौर ❖वी.के. टूरिस्ट कम्पनी, किरतपुर रोड बिजनौर

खुशखबरी खुशखबरी
10वीं व 12वीं पास SC, ST, EWS, तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 100% निशुल्क प्रवेश!
कोर्सेस के नाम:
ANM | GNM | B.Sc. Nursing
D.Pharm | B.Pharm | BMLT
BCA | BBA | B.Tech
Polytechnic | Fashion Designing
एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम
BDS और BAMS ONLY
16 लाख में
WITH ROOM, FOOD
TOTAL PACKAGE
छात्रों के लिए विशेष लाभ:
संस्थान द्वारा सभी कोर्स पूर्णतः निःशुल्क।
पढ़ाई के साथ-साथ ₹10,000/माह की शानदार पेड इंटर्नशिप।
TCS जैसी टॉप कंपनियों और कैलाश जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में कॉर्पोरेट व क्लिनिकल जॉब के बेहतरीन अवसर।
सरकारी छात्रवृत्ति (Scholarship) सीधे छात्र के बैंक खाते में।
100% कैरियर सपोर्ट और सुनिश्चित प्लेसमेंट सहायता।
जल्दी करें — सीटें सीमित हैं!
आज ही संपर्क करें, अपना फॉर्म भरें और एक सुनहरे भविष्य की दिशा में अपना पहला कदम उठाएँ।
Call / WhatsApp:
98374 58181, 94569 51520
Address:
ऑल नेट इंडिया ट्रस्ट (ALLNETINDIATRUST), शॉपर्स प्राइड मॉल (SRS Mall), शक्ति चौक, बिजनौर - 246701 (U.P.)

# वेटरनरी फार्मासिस्ट एवं पशुधन प्रसार अधिकारी की सरकारी भर्तियों से बढ़ी वेटरनरी डिप्लोमा की मांग

## विवेक विश्वविद्यालय, बिजनौर में संचालित हैं दोनों डिप्लोमा पाठ्यक्रम

**बिजनौर (चिंगारी)।** पशु पालन एवं पशु स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ वेटरनरी क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा पशु पालन विभाग के अंतर्गत वेटरनरी फार्मासिस्ट के 1308 एवं पशुधन प्रसार अधिकारी के 1251 पदों पर भर्ती के लिए भी विज्ञापन जारी किया गया है। इतनी बड़ी संख्या में पदों पर भर्ती ने पशु पालन एवं वेटरनरी क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं के लिए उपलब्ध रोजगार संभावनाओं की ओर विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया है।

विश्वविद्यालय के अध्यक्ष श्री अमित गोयल ने बताया कि विवेक विश्वविद्यालय, बिजनौर में वेटरनरी फार्मेसी एवं पशुधन प्रसार से संबंधित दोनों डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें सरकारी नौकरी के अलावा स्वरोजगार की भी बहुत संभावनाएं हैं। पशु पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में डेयरी एवं पशुपालन बड़े स्तर पर होने के कारण इस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की उपयोगिता और बढ़ जाती है। संबंधित योग्यता एवं नियमों के अधीन सरकारी सेवाओं के अतिरिक्त विद्यार्थी पशुपालन, डेयरी फार्म, पशु स्वास्थ्य से संबंधित संस्थानों तथा अन्य संबद्ध क्षेत्रों में भी करियर की संभावनाएं तलाश सकते हैं। कौशल एवं अनुभव प्राप्त करने के बाद स्वरोजगार की दिशा में भी अवसर विकसित किए जा सकते हैं।




VIVEK UNIVERSITY INDIA

इन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का 12वीं कक्षा में जीव विज्ञान/बायोटेक्नोलॉजी व अंग्रेजी के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की आयु 17 से 25 वर्ष निर्धारित है, जबकि OBC, SC एवं ST वर्ग के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट का प्रावधान है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इच्छुक विद्यार्थी दोनों डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की पात्रता, सीटों, शुल्क एवं प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी विवेक विश्वविद्यालय, बिजनौर के प्रवेश एवं परामर्श प्रकोष्ठ से प्राप्त कर सकते हैं।

## पांच किलो खाद्यान्न वितरण कराने की मांग

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के भाजपा नेताओं ने डीएम को एक पत्र भेजकर नगर में राशन डीलरों द्वारा उपभोक्ताओं को पांच किलो के स्थान पर प्रति यूनिट साढ़े चार व चार किलो खाद्यान्न वितरित करने का आरोप लगाते हुए शासन से निर्धारित पांच किलो खाद्यान्न वितरित कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे सरकार, विभाग व जिला प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने आपूर्ति निरीक्षक नजीबाबाद का जनमानस के साथ व्यवहार संतोषजनक नहीं होने की बात कहते हुए मामले की जांच कराकर कार्रवाई कराने की मांग की है। पत्र भेजने वालों में भाजपा नगर महामंत्री व नामित सभासद अभिषेक यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, ईसम सिंह, राजकुमार प्रजापति, अरविंद विश्वकर्मा, बलराज त्यागी, राजीव अग्रवाल शामिल हैं।

## मूलचंद एकेडमी में बालिका ताइक्वांडो चैम्पियनशिप कल

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** मूलचन्द एकेडमी स्कूल कोटद्वार रोड पर कल 22 अगस्त को बालिका ताइक्वांडो चैम्पियनशिप का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की प्रतिभाशाली बालिका खिलाड़ी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी उपस्थित रहेंगे। विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान एडवोकेट, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह चौहान, उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुनिता सिंह एवं समस्त शिक्षकगण प्रतियोगिता को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए पूरी तत्परता से तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## सूचना

मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम मौहम्मद राहिम (MOHAMMAD RAHIM) व मेरा नाम मौहम्मद रजी (MOHAMMAD RAZI) है जो कि गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम मौ. राहिम (MOHD RAHIM) व मेरा सही नाम मौ. रजी (MOHD RAZI) है। भविष्य में मुझे व मेरे पुत्र को सही नाम व स्पेलिंग से ही जाना व पहचाना जाए।

**-मौ. रजी पुत्र निसार अहमद, निवासी ग्राम हर्षवाड़ा, नजीबाबाद, जिला बिजनौर उ.प्र.**

## सूचना

हमारा पुत्र मौ. शारीम हमारे कहने-सुनने में नहीं है, उसने सानिया परवीन नाम की लड़की से शादी कर ली है। इनकी हरकतों से तंग आकर हमने इन दोनों पुत्र पुत्रवधू से अपने समस्त प्रकार के संबंध समाप्त कर लिये हैं तथा इन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य के लिए मेरी व मेरे परिवार की जिम्मेदारी नहीं होगी।

-नसीम पुत्र मौ. उमर, शहनाज परवीन पत्नी नसीम, निवासीगण मौहल्ला सब्जीग्रान नजीबाबाद, जिला बिजनौर।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर

आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

बजरंग दल की साहसिक यात्रा में कार्यकर्ता रवाना ( पेज 8 )



# किसानों का धरना जारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सरदार बीएम सिंह के निर्देश पर कल गुरुवार को पूरे उत्तर प्रदेश में जिला गन्ना अधिकारी कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में बिजनौर जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर भी राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले सैकड़ों किसान एकत्र हुए। धरने की अध्यक्षता राजपाल सिंह भगत ने की, जबकि संचालन यशपाल सिंह ने किया।



किसानों ने गन्ने के बकाये पर मिलने वाले ब्याज का पूरा विवरण उपलब्ध कराने की मांग को लेकर अपने-अपने फार्म भरकर संबंधित गन्ना समितियों के सचिवों को सौंपे। किसानों का कहना था कि गन्ना समितियों और चीनी मिलों के पास किसानों के भुगतान और कर्ज का वर्षों पुराना रिकॉर्ड उपलब्ध है, ऐसे में ब्याज का पूरा हिसाब नहीं मिलने की बात स्वीकार्य नहीं है।


किसानों और गन्ना समितियों के सचिवों की जिला गन्ना अधिकारी के साथ कल करीब तीन घंटे तक वार्ता हुई। जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों को बताया कि पिछले तीन वर्षों का प्रति सदस्य ब्याज का हिसाब तैयार कर लिया गया है, लेकिन शेष वर्षों का पूरा हिसाब अभी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इसके लिए कुछ और समय की आवश्यकता है।

गन्ना अधिकारी के इस जवाब पर किसानों ने नाराजगी जताई। किसानों ने सवाल उठाया कि जब किसानों पर बकाया कर्ज का 30 वर्षों तक का हिसाब रखा जा सकता है तो गन्ना भुगतान पर मिलने वाले ब्याज का 30 वर्षों का रिकॉर्ड क्यों उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इस मुद्दे पर सहमति नहीं बन सकी और वार्ता विफल हो गई। इसके बाद किसानों ने धरना अनिश्चितकालीन जारी रखने का निर्णय लिया। जिसके चलते धरना आज भी जारी रहा।

### गुलदार के आतंक के ख़िलाफ़ भी उठाई आवाज़

धरने के दौरान किसानों ने जिले में बढ़ते गुलदार के आतंक का मुद्दा भी उठाया। कैलाश सिंह लांबा ने कहा कि बिजनौर जिले में आए दिन गुलदार के हमलों की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन वन विभाग की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम करने और गुलदार के आतंक से ग्रामीणों को निजात दिलाने की मांग की।

धरने पर उदित प्रधान, संजीव कुमार, सुशील कुमार, अशोक कुमार, राजीव कुमार, वेद प्रकाश सिंह, बृजपाल सिंह, आनंदपाल सिंह, रमेश प्रधान, महेंद्र सिंह, सुजान सिंह, राजेंद्र सिंह, कमलवीर, वीरेंद्र सिंह कालू, श्रीपाल महाराज सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।




# रालोद नेताओं ने किया बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य एवं वरिष्ठ नेता महावीर सिंह ने रायपुर खादर क्षेत्र का दौरा कर बाढ़पीड़ितों का हाल जाना। उन्होंने बाढ़पीड़ित परिवारों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को अवगत कराकर प्रशासन के माध्यम से उनका समाधान कराया जाएगा। यह भी बताया कि बिलाई शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष और केन मैनेजर से मिलकर किसानों के बकाया गन्ना भुगतान की मांग की गई है। रालोद रुहेलखंड के जिला महामंत्री सुबोध कुमार, जयपाल सिंह आदि नेता और कार्यकर्ता उनके साथ रहे।



**भली लगे या बुरी...**

## चुनाव जीतने की जुगत में...

2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। एक ओर जहां भारतीय जनता पार्टी जीत की हैट्रिक बनाने के लिये कमर कस रही है, वहां मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी इस बार अपनी सरकार बनाने की जुगत में है। बसपा, असपा और कांग्रेस भी चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिये जी-तोड़ तैयारी कर रही है। हालांकि इस चुनाव में बहुकोणीय मुकाबले होने के कारण सभी दलों को जटिल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सत्तारूढ़ भाजपा के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में जीत इसलिए भी जरूरी है क्योंकि देश की संसद में 80 सांसद भेजने वाले प्रदेश के परिणाम 2029 के लोकसभा चुनाव को प्रभावित करेंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को तगड़ा धक्का लगा था और वह अपने दम पर बहुमत प्राप्त करने के बजाय राजग के सहयोग से ही सरकार बना सकी। इसमें उत्तर प्रदेश का बड़ा योगदान था, जहां समाजवादी पार्टी ने 37 तथा उसकी सहयोगी कांग्रेस ने 6 सीटें जीत कर भाजपा को दूसरे स्थान पर धकेल दिया था। इस बार भाजपा ऐसी स्थिति से बचना चाहती है और इसके लिए उसे विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। दूसरी ओर प्रदेश की मुख्य विरोधी पार्टी सपा दस साल के बाद इस बार किसी न किसी तरह सत्ता में पहुंचने के लिए प्रयासरत है, पर भाजपा हो या सपा, किसी का रास्ता आसान नहीं है।

2024 के लोकसभा चुनाव में धक्का लगने के बाद भाजपा ने तेजी से अपनी स्थिति में सुधार किया तथा इसके बाद हुए लगभग सभी विधानसभा चुनावों में विजय हासिल की। दिल्ली और बिहार के बाद पश्चिम बंगाल में हुई भाजपा की विजय से विपक्ष को जबरदस्त धक्का लगा है। भले ही सपा ने पश्चिम बंगाल व बिहार के चुनाव में सीधे भाग न लिया हो, पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिहार में तेजस्वी यादव तथा पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के पक्ष में अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। इसके पहले अखिलेश यादव ने दिल्ली में 'आप' नेता अरविंद केजरीवाल का भी समर्थन किया था। इन राज्यों के चुनाव परिणामों से अखिलेश यादव को अपनी 'राष्ट्रीय छवि' बनाने में बाधा आई है। अब वे पूरी ताकत से उत्तर प्रदेश का अपना 'किला' बचाने के लिए संघर्ष करेंगे।

# अंकल' वाले तंज के मायने...

**-संजय सक्सेना, लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने एक बार फिर अपने सबसे भरोसेमंद युवा चेहरे आकाश आनंद पर दांव खेला है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के शंखनाद के रूप में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले की सादाबाद सीट पर आयोजित पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन में आकाश आनंद ने जिस आक्रामक अंदाज में वापसी की, उसने प्रदेश की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। कुछ समय के राजनीतिक वनवास और मायावती द्वारा किनारे किए जाने के बाद राष्ट्रीय समन्वयक की भूमिका में लौटे आकाश इस बार अधिक परिपक्व, सधे हुए और रणनीतिक रूप से तीखे नजर आए। उन्होंने भाजपा, सपा और कांग्रेस तीनों को एक ही तराजू में तौलते हुए बहुजन समाज के सामने उन्हें जनविरोधी नीतियों वाली ताकतों के रूप में पेश किया। लेकिन इस जनसभा की सबसे बड़ी गूंज किसी नीतिगत घोषणा से नहीं, बल्कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव के लिए इस्तेमाल किए गए एक शब्द से हुई 'अंकल'।

आकाश आनंद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को 'भैया' कहने से इनकार करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी के लिए वे 'अंकल' हैं। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव लंबे समय से मायावती को 'बुआ जी' कहकर संबोधित करते रहे हैं। आकाश ने उसी रिश्ते की राजनीतिक भाषा को पलटते हुए खुद को 'भतीजे' की अगली पीढ़ी और अखिलेश-राहुल को पुरानी पीढ़ी के नेता के रूप में पेश करने की कोशिश की। हमला उम्र से ज्यादा राजनीतिक ब्रांडिंग पर था। आकाश आनंद की नई राजनीति यहीं दिखाई देती है। लगभग तीस वर्ष की उम्र में वह खुद को ऐसे नेता के रूप में स्थापित करना चाहते हैं जो युवाओं से उनकी भाषा में बात कर सके। पेपर लीक, बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं का संकट, महंगी शिक्षा और भविष्य को लेकर असुरक्षा जैसे सवाल आज उत्तर प्रदेश के युवा मतदाताओं की राजनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। 'अंकल' वाला तंज इसी रणनीति का प्रचार योग्य हिस्सा है।



बसपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती सिर्फ भाजपा या समाजवादी पार्टी नहीं, बल्कि उसका अपना सिकुड़ता हुआ सामाजिक आधार है। 2007 में मायावती ने सोशल इंजीनियरिंग के दम पर पूर्ण बहुमत हासिल कर उत्तर प्रदेश की राजनीति में इतिहास रचा था। दलित आधार के साथ ब्राह्मणों और दूसरे सामाजिक समूहों को जोड़कर बनाई गई वह रणनीति बसपा की सबसे बड़ी चुनावी सफलता बनी। लेकिन 2012 के बाद पार्टी का ग्राफ लगातार नीचे गया। 2017 के विधानसभा चुनाव में बसपा 19 सीटों पर सिमट गई, जबकि उसका वोट शेयर लगभग 22 प्रतिशत रहा। 2022 में स्थिति और खराब हुई, जब पार्टी सिर्फ एक सीट जीत सकी और उसका वोट शेयर लगभग 12.8 प्रतिशत रह गया। 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता नहीं खुला। यह परिणाम संगठन और सामाजिक गठजोड़ के संकट का संकेत था। इस संकट का सबसे बड़ा राजनीतिक असर दलित वोटों के भीतर दिखाई दिया। खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद ने दलित युवाओं के बीच एक आक्रामक और प्रतिरोध की राजनीति वाली छवि बनाई। लोकसभा चुनाव में उनकी सफलता ने यह संकेत दिया कि बसपा का पारंपरिक वोट बैंक अब हमेशा अपने पुराने नेतृत्व के साथ स्वत: नहीं रहने वाला। हाथरस जैसे क्षेत्र में पहली बड़ी सभा करना इस बात का संकेत है कि बसपा दलित युवाओं के बीच अपनी जमीन पर सीधी लड़ाई लड़ना चाहती है। 2024 के लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान आकाश के कुछ आक्रामक बयानों के बाद मायावती ने उन्हें राष्ट्रीय समन्वयक और उत्तराधिकारी की भूमिका से हटा दिया था। चुनावी नतीजों के बाद पार्टी के सामने यह सवाल खड़ा हुआ कि बिना युवा चेहरे के वह नई पीढ़ी तक कैसे पहुंचेगी। इसी दबाव ने आकाश की वापसी की जमीन तैयार की। इस बार उन्हें आक्रामकता के साथ अनुशासन का संतुलन साधना होगा। मायावती ने उन्हें मैदान में उतरने की जिम्मेदारी दी है।

2027 के लिए बसपा की रणनीति का पहला लक्ष्य अपने कैडर को फिर से सक्रिय करना है। पार्टी जानती है कि केवल सोशल मीडिया या बड़ी रैलियों से चुनाव नहीं जीते जा सकते। बूथ स्तर पर कार्यकर्ता, सेक्टर कमेटियां और मतदाता संपर्क उसका असली आधार हैं। इसलिए संगठन को नई ऊर्जा देने के लिए युवाओं को अधिक जिम्मेदारी देने की कोशिश की जा रही है। आकाश सोशल मीडिया, डिजिटल अभियान और नई राजनीतिक भाषा के जरिए बसपा की पारंपरिक छवि को बदलने की कोशिश कर सकते हैं। सफल होने पर पार्टी का संदेश पुराने कैडर से आगे जाएगा। दूसरी बड़ी चुनौती समाजवादी पार्टी का पीडीए समीकरण है। लोकसभा चुनाव में सपा ने पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक सामाजिक गठजोड़ को अपनी राजनीति का केंद्रीय आधार बनाया। बसपा के लिए यह सीधी चुनौती है, क्योंकि दलित वोट उसके सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक आधार रहे हैं। आकाश आनंद का सपा पर हमला केवल अखिलेश यादव पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं है। इसके पीछे संदेश है कि दलित प्रतिनिधित्व का वास्तविक अधिकार बसपा के पास है। कांग्रेस भी बसपा की रणनीति में महत्वपूर्ण प्रतिद्वंद्वी है। राहुल गांधी के संविधान, सामाजिक न्याय और आरक्षण से जुड़े अभियान ने विपक्षी राजनीति में नई जगह बनाई है। 'अंकल' कहना उनके राजनीतिक आकर्षण को चुनौती देने की कोशिश है। संदेश साफ है नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व जमीन पर संगठन और बहुजन मुद्दों के साथ खड़े होने से तय होगा।

# तालीम के बग़ैर तरक़्क़ी नहीं मिलती- डा. आदिल रशीद

## इलाही बख़्श पब्लिक स्कूल में तलबा से की मुलाकात

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** इंसान को तरक्की की राह तालीम हासिल किए बगैर नहीं मिलती। तालीम ही इंसान के लिए तरक्की के तमाम रास्ते हमवार करती है। तालीम हासिल करते वक्त हर तालिब-ए-इल्म को अपना मकसद तय करना चाहिए, तभी मंजिल हासिल करने में आसानी होती है। यह बात आलमी शोहरा-याफ्ता शायर डॉ. आदिल रशीद ने शहर के मशहूर इलाही बख्श पब्लिक स्कूल में सहाफियों, उस्तादों और तलबा-तालिबात से गुफ्तगू करते हुए कही।

डॉ. आदिल रशीद ने कहा कि हमारे मुआशरे में तालीम की तरफ रुझान लगातार बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी हमारे मुआशरे के बच्चों को तालीमी मैदान में और आगे लाने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि तालीम ही वह जरिया है जिसके जरिए इंसान अपनी सलाहियतों को



पहचानकर जिंदगी में कामयाबी हासिल कर सकता है। बच्चों को चाहिए कि वह सिर्फ किताबों तक महदूद न रहें, बल्कि अपने अंदर इल्म के साथ-साथ अखलाक, अदब, तहजीब और इंसानियत के जज्बे को भी पैदा करें।

डॉ. आदिल रशीद ने कहा कि इलाही बख्श पब्लिक स्कूल के बानी और मशहूर शायर व अदीब मरहूम अब्दुल रहीम वफा से उनके पुराने ताल्लुकात रहे हैं। उन्हीं पुरानी यादों को ताजा करने और अपने दोस्त मरहूम अब्दुल रहीम वफा की यादों से जुड़ने के लिए वह दिल्ली से हाजी मुकीम चौधरी के साथ उनके बनाए हुए स्कूल में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि अब्दुल रहीम वफा जैसे समाजी कारकून और तालीम के फरोग के लिए काम करने वाले लोग बहुत कम नजर आते हैं। उनकी खिदमात को हमेशा याद रखा जाएगा।

डॉ. आदिल रशीद का इंतजामिया की ओर से पुरजोश इस्तकबाल किया गया। स्कूल के मैनेजर मुफ्ती मौलाना इरफान कासमी, इंतजामिया से अतहर महमूद सिद्दीकी, सीताराम पिपलया एडवोकेट, मौ. अख्तर सिद्दीकी, असद सिद्दीकी, मुजाहिद हुसैन आदि ने फूलों का गुलदस्ता पेश कर उनका खैरमकदम किया। इससे पहले डॉ. आदिल रशीद ने अपने दोस्त मरहूम अब्दुल रहीम वफा को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। उन्होंने अब्दुल रहीम वफा के साथ गुजरे लम्हात को याद करते हुए कहा कि वह एक बेहतरीन इंसान, मशहूर शायर और समाजी खिदमात का जज्बा रखने वाले शख्स थे। इस मौके पर स्कूल के मैनेजर मुफ्ती मौलाना इरफान कासमी की जानिब से शमीम अहमद गुल की तहरीर करदा किताब 'बू-ए-गुल' डॉ. आदिल रशीद को पेश की गई।

# बिजनौर के नये एसपी होंगे कृष्ण कुमार बिश्नोई

## अभिषेक झा का हुआ गोंडा के लिए तबादला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एसपी अभिषेक झा का गोंडा जनपद के लिए तबादला हो गया है। उनके स्थान पर संभल जिले के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई को बिजनौर ज़िले का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। कृष्ण कुमार बिश्नोई उत्तर प्रदेश कैडर के 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उनकी गिनती तेज तर्रार पुलिस अफसर के रूप में होती है। संभल में करीब 23 माह के अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने 100 करोड़ से अधिक के बड़े अंतर्राज्यीय फ़र्ज़ी बीमा घोटाले का भंडाफोड़ किया था। बच्चा तस्कर गिरोह को पकड़कर भी उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। भूमाफियाओं पर शिकंजा कसने और एक साथ कई दागी पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करने पर भी वे चर्चाओं में आये थे। अब उन्हें बिजनौर की कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नये एसपी के रूप में कृष्ण कुमार बिश्नोई के सामने बिजनौर जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने की चुनौती होगी।





### अभिषेक झा दो साल से अधिक समय रहे बिजनौर में

एसपी अभिषेक झा अभिषेक झा ने 14 जुलाई 2024 को बिजनौर के पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया था। इससे एक दिन पहले, 13 जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश सरकार ने उनका शामली से बिजनौर तबादला किया था। अभिषेक झा बिजनौर में दो साल से अधिक समय रहे। अभिषेक झा रिजर्व नेचर के थे। उन्होंने नेताओं से दूरी बनाये रखी। वे उनके कार्यकाल में जहां कई बड़ी घटनाएं हुईं, पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए घटनाओं के खुलासे भी जल्दी-जल्दी किये।

## शहीदों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन स्थित मंदिर श्री राधे श्याम पर विभाजन विभीषिका कार्यक्रम के तहत सन 1947 में हुए देश के बंटवारे के दौरान लाखों ज्ञात अज्ञात पंजाबी व सिख परिवारों के किये गए नरसंहार जिसे शहीदी दिवस कहा गया उस दिन को याद करके अपने उन परिवारों के प्रति मोम बत्तियां जलाकर संवेदना व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर एसके जौहर, राजीव अरोड़ा, राजन टंडन गोल्डी व सुमन वर्मा ने शहीदी दिवस के बारे में विचार रखे। इस अवसर पर सरदार जसपाल सिंह, सुनील महाजन, जनकराज जांगड़ा, जितेंद्र पोपली, सुशील कुमार, सुभाष धवन, पंडित भोले शंकर शास्त्री व राजीव चोपड़ा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मेले में श्रद्धालुओं ने छड़ी निशान चढ़ाया



**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम राजपुर नवादा में जाहरवीर बाबा के मंदिर पर लगे मेले में श्रद्धालुओं ने छड़ी निशान चढ़ाया तथा पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। राजपुर नवादा में प्रत्येक वर्ष लगने वाले जाहरवीर मंदिर पर आसपास गांव के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर छड़ी निशान व प्रसाद चढ़ाया। मेले में चाट-पकोड़ी, खिलौनों की दुकानों पर खरीददारी कर बच्चों ने झूलों झूलकर खूब आनंद उठाया। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर पर पुलिस व्यवस्था रही।

## रेलवे ट्रैक पर फंसी कार, बड़ा हादसा टला

### 25 मिनट तक फाटक पर खड़ी रही ट्रेन, आरपीएफ ने कार चालक को हिरासत में लिया



**अम्हेड़ा ( चिंगारी ) ।** अम्हेड़ा रेलवे फाटक पर गुरुवार को बड़ा हादसा होते-होते टला। फाटक बंद होने के दौरान जल्दबाजी में एक कार चालक ने कार को रेलवे ट्रैक पर पहुंचा दिया। इसी दौरान नजीबाबाद से गजरौला जा रही पैसेंजर ट्रेन संख्या 54382 फाटक के नजदीक पहुंच गई। गनीमत हुई कि ट्रेन चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया, जिससे ट्रेन फाटक के पास ही रुक गई। जानकारी के अनुसार स्योहारा निवासी इरशाद कार से नूरपुर से बिजनौर की ओर जा रहे थे। अम्हेड़ा फाटक पर ट्रेन के गुजरने के कारण फाटक बंद किया जा रहा था। इसी बीच चालक ने बंद होते फाटक के बीच से कार निकालने का प्रयास किया और कार पटरी पर जाकर फंस गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आरपीएफ चौकी प्रभारी विनोद कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कार को ट्रैक से हटवाकर रास्ता साफ कराया। इसके बाद ट्रेन को सुरक्षित रवाना किया गया। इस घटना के कारण ट्रेन लगभग 25 मिनट तक फाटक पर खड़ी रही। आरपीएफ ने कार चालक इरशाद और वाहन को बिजनौर ले गई, जहां आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि यदि लोको पायलट ने समय पर ब्रेक न लगाया होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476





# सांसद चन्द्रशेखर ने बिलाई शुगर मिल अधिकारियों को तलब किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** बिलाई शुगर मिल द्वारा गन्ना मूल्य का समय से भुगतान न किए जाने की शिकायत को लेकर किसान बीते दिनों नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के धामपुर स्थित आवास पर पहुंचे थे। किसानों ने सांसद के सामने अपनी समस्याएं रखते हुए गन्ना मूल्य का बकाया भुगतान जल्द से जल्द दिलाए जाने की मांग की थी।

किसानों की शिकायत को सांसद चंद्रशेखर आजाद ने गंभीरता से लिया। उन्होंने मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए बिलाई शुगर मिल के यूनिट हेड भूपेंद्र सिंह तथा वरिष्ठ अधिकारी संजय गोयल को अपने आवास पर तलब किया। सांसद ने दोनों अधिकारियों से किसानों के बकाया भुगतान की स्थिति के संबंध में जानकारी ली और भुगतान में देरी को लेकर स्पष्ट जवाब मांगा।

बैठक के दौरान मिल अधिकारियों ने सांसद के समक्ष किसानों के बकाया भुगतान को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए भरोसा दिलाया कि 30 नवंबर तक किसानों का शत-प्रतिशत गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, अब तक करीब 75 प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है, जबकि शेष 25 प्रतिशत भुगतान भी 30 नवंबर तक पूरा करने का भरोसा दिया गया।


मंचासीन अतिथि।

## किसानों की समस्या केंद्र तक पहुंचाई

**गन्ना मूल्य भुगतान की समस्या को सांसद चंद्रशेखर आजाद ने केवल मिल अधिकारियों तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने किसानों की इस समस्या को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष भी उठाया और किसानों के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान का जल्द समाधान कराने की मांग की। सांसद के हस्तक्षेप के बाद मिल अधिकारियों द्वारा भुगतान की निश्चित समयसीमा बताए जाने से किसानों को कुछ राहत की उम्मीद जगी है। हालांकि किसानों की नजर अब 30 नवंबर की तारीख पर रहेगी।**

# अब खुले में बनवाया जायेगा सत्संग भवन

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्रीराम मंदिर आश्रम के सत्संग भवन में हुए भीषण अग्निकाण्ड के बाद महंत श्री राधेश्याम व्यास महाराज के उत्तराधिकारी आचार्य शशिकांत वशिष्ठ ने बताया कि भक्तों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अब खुले स्थान पर सत्संग भवन बनवाने की योजना पर विचार किया जायेगा। इससे भक्तों को किसी भी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। अग्निकाण्ड पर उन्होंने कहा कि यह सब भगवान की लीला है। हमारे-तुम्हारे हाथ में कुछ नहीं है। कल तक जहां सत्संग और भजन-कीर्तन के माध्यम से सनातन धर्म का प्रचार किया जाता था, वहां अब भीषण अग्निकाण्ड के बाद बस राख का ढेर ही बचा हुआ है।

# 16 लाख की लागत से बनी थी सड़क व पुलिया कुछ ही दिनों में दोनों का बदल गया हुलिया

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्योहारा चुंगी से शीला टॉकीज मार्ग पर इकड़ा नदी पर नगर पालिका परिषद द्वारा 16 लाख रुपए की लागत से बनाई गई पुलिया एक साइड से क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण जहां दुर्घटना होने की संभावना बढ़ गई है वहीं नगर पालिका के निर्माण कार्यों की पोल भी खुल गई है। धामपुर में स्थित मछली बाजार चौराहे से शीला टाकिज तक जाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चौधरी कुलमणि सिंह मार्ग पर इकडा नदी पर पिछले दिनों नगर पालिका परिषद धामपुर की ओर से पुरानी पुलिया के स्थान पर 16 लाख रुपए की लागत से एक नयी पुलिया और सड़क का निर्माण कराया गया था। परंतु 3 महीने के भीतर ही यह सड़क टूट गई। इस संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह एडवोकेट ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को भेजे ज्ञापन में क्षतिग्रस्त पुलिया की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है ताकि भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचा जा सके। उन्होंने इस मार्ग पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं धामपुर नगर पालिका परिषद के प्रथम अध्यक्ष कुलमाणि सिंह के नाम पर 16 मार्च 1982 को लगाए गए शिलापट की भी मरम्मत कराए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि चौधरी कुलमाणि सिंह मार्ग का उद्घाटन तत्कालीन जिला अधिकारी एवं परगना अधिकारी द्वारा किया गया था। उनका कहना है की शिलापट क्षतिग्रस्त होने से जन भावनाएं आहत हो रही हैं इसलिए इस शिला पट की मरम्मत नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जाना उचित रहेगा।



मार्ग का शिलापट।

# दो दिवसीय क्षमता संवर्द्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम समाप्त

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी के अंतर्गत राज्य स्तरीय नगरीय विकास संस्थान, नैनीताल की ओर से कोटद्वार नगर निगम सभागार में पार्षदों के लिए आयोजित दो दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान पार्षदों को नगर निगम अधिनियम, निकायों की कार्यप्रणाली और वित्तीय प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम की संरचना, स्थायित्व, अधिकारियों के अधिकार एवं दायित्व तथा महापौर, नगर आयुक्त और पार्षदों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने निकायों की आय बढ़ाने के संभावित स्रोतों और स्थानीय स्तर पर वित्तीय संसाधन मजबूत करने के उपाय भी बताए। प्रशिक्षक चंद्रकांत भट्ट ने नगर निगम की आय के स्रोत बढ़ाने और उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जानकारी साझा की। प्रशिक्षक मैत्रेई धूलिया ने उत्तराखंड अधिप्राप्ति नियमावली, टेंडर प्रक्रिया, वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद और स्थानीय बाजार सर्वेक्षण के आधार पर कोटेशन प्राप्त करने की प्रक्रिया को उदाहरणों के माध्यम से समझाया। राज्य नगरीय विकास संस्थान के कार्यक्रम निदेशक अनूप बमोला ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े प्रावधानों और संबंधित नियमावली की जानकारी दी।

# भारत स्वरूप अकादमी में बच्चों के लगाये टीके

**धामपुर ( चिंगारी )।** नहटौर-धामपुर रोड पर गांव मीमला स्थित भारत स्वरुप अकादमी में विद्यार्थियों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए विशेष टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य परवेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य श्रीमती उपासना यादव एवं चिकित्सक दिनेश कुमार (फील्ड मॉनिटर, एसएमओ, बिजनौर), राहुल कुमार (सुपरवाइजर, धामपुर) श्रीमती हिमानी रानी (एएनएम, धामपुर) व श्रीमती बीना देवी (आशा, ग्राम मीमला) द्वारा किया गया। इस अभियान के अंतर्गत विद्यालय कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निर्धारित टीकों का टीकाकरण किया गया।


टीकाकरण कराते हुए बच्चे।

# पुष्प निकेतन स्कूल में टीकाकरण अभियान चलाया

**धामपुर ( चिंगारी )। पुष्प निकेतन स्कूल में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एमआर ( Measles-Rubella ) टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान एएनएम वैशाली चौहान, एएनएम शालिनी चौहान एवं आशा कार्यकर्ता उपमा शर्मा, पीएचसी धामपुर के सौजन्य से संपन्न हुआ। अभियान के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक के लगभग 51 विद्यार्थियों का एमआर टीकाकरण किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि रेखा ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।**

# सरस्वती शिशु मंदिर में यूथ फेस्टिवल मंथ का आयोजन



मंचासीन अतिथि।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में शिशुओं के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से यूथ फेस्टिवल मंथ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, समाजसेवी अक्षत बंसल, विपुल गर्ग व्यवस्थापक एवं दीपक जैन द्वारा मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अंक ज्ञान और अक्षर ज्ञान के साथ-साथ जब तक बालक अपने मुंह से अभिव्यक्ति नहीं करता तब तक उसके संपूर्ण विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस अवसर पर राजकुमार श्रीमती माधुरी, श्रीमती प्रीति राजपूत ने भी विचार व्यक्त किए। प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह द्वारा ज्ञान को एकाग्र करने से संबंधित एक एक्टिविटी कराई गई। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

# लाहड़पुर में लगातार बढ़ रहा कोटावाली नदी का कटाव

## किसान कैसे करें अपनी कृषि भूमि का बचाव

**लालढांग ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत लाहडपुर में कोटावाली नदी का कटाव लगातार बढ़ता जा रहा है। नदी का बहाव पिछले कुछ वर्षों से गांव की ओर मुड़ गया है, जिससे किसानों की कृषि भूमि कटान की जद में आ गई है। इससे गांव के किसान भयभीत हैं।

स्थानीय किसानों सीताराम, ऋषिपाल, ऋषिराम, नरपाल सिंह, लक्ष्मण सिंह, सुशील कुमार, नरेंद्र कुमार, कल्लू सिंह, प्रीतम सैनी, बाबूराम आदि का कहना है कि नदी किनारे स्थित उनकी कृषि भूमि ही परिवार के जीवनयापन का एकमात्र सहारा है। लेकिन कोटावाली नदी वन भूमि को काटते हुए अब खेतों के बेहद करीब पहुंच गई है।

किसानों ने बताया कि बरसात के मौसम में नदी का रौद्र रूप देखकर डर बना रहता है कि कहीं नदी उनकी फसलों सहित पूरी कृषि भूमि को ही न निगल जाए। इस समस्या को लेकर उन्होंने पिछले कई वर्षों से वन विभाग और तहसील प्रशासन को तटबंध लगाने के लिए लिखित और मौखिक सूचना दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि गांव के तट पर जल्द तटबंध का निर्माण कराया जाए, ताकि किसानों की भूमि और फसलों को बचाया जा सके।



# हरिद्वार बैराज से छोड़ा 1.26 लाख क्यूसेक पानी, बिजनौर वालों की बढ़ी परेशानी

## गंगा और खो में उफान, पानी भरने से फसलों को नुकसान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और हरिद्वार बैराज से गंगा में 1.26 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद बिजनौर जिले में गंगा और खोह नदी का जलस्तर बढ़ गया है। गंगा का जलस्तर संवेदनशील दायरे में पहुंचने के बाद चांदपुर और बिजनौर तहसील क्षेत्र के करीब 11 गांवों की कृषि भूमि में पानी भर गया है। खेतों में जलभराव से फसलों को नुकसान की आशंका बढ़ गई है। हालांकि आबादी वाले क्षेत्रों में अभी स्थिति पूरी तरह सुरक्षित है और कहीं भी जनजीवन प्रभावित होने की सूचना नहीं है। स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ चौकियों को 24 घंटे सक्रिय रखने, प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य विभाग की टीमों को घर-घर भेजकर लोगों की जांच कराने के निर्देश दिए। प्रशासन ने नदी के जलस्तर और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के फैलाव पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिये हैं।



### बढ़ापुर में खोह नदी से कटान का ख़तरा

पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण खोह नदी का जलस्तर बढ़ने से नगीना तहसील के बढ़ापुर क्षेत्र के गांवों में कटान की आशंका पैदा हो गई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सिंचाई, वन विभाग, तहसील और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम के साथ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने नदी के किनारे की स्थिति और बचाव की तैयारियों को परखा। डीएम ने अधिकारियों को कटान रोकने के लिए आवश्यक तकनीकी प्रबंध करने के निर्देश दिए। साथ ही नदी किनारे रहने वाले परिवारों की सूची तैयार करने को कहा, ताकि स्थिति बिगड़ने पर उन्हें बिना किसी देरी के सुरक्षित बाढ़ आश्रय स्थलों में पहुंचाया जा सके। डीएम ने कहा कि फिलहाल खोह नदी का जलस्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है, लेकिन पूरी स्थिति सामान्य होने तक अधिकारियों को फील्ड में रहकर निगरानी करनी होगी।

### गांवों के संपर्क मार्गों पर पानी भरा

चांदपुर तहसील के जलीलपुर ब्लॉक क्षेत्र के दतियाना, रायपुर खादर और मीरापुर सीकरी गांवों के संपर्क मार्गों पर करीब एक से डेढ़ फीट तक पानी पहुंच गया है। हालांकि अभी गांवों का संपर्क पूरी तरह नहीं टूटा है और ग्रामीण ट्रैक्टरों के माध्यम से आवागमन कर रहे हैं। एहतियात के तौर पर प्रशासन ने दो आधुनिक नावें तैनात कर दी हैं। इनमें एक नाव 10 सीटर और दूसरी 25 सीटर क्षमता की है। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालयों में चार बाढ़ राहत चौकियां स्थापित की गई हैं। इन चौकियों पर लेखपालों और राजस्व कर्मियों की रोस्टर के अनुसार 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है, ताकि जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

**प्रभावित गांवों में 300 राशन किट बांटीं-** प्रशासन की ओर से प्रभावित 11 गांवों में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अब तक करीब 300 राशन किट वितरित कराई जा चुकी हैं। इसके अलावा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त राहत सामग्री का बफर स्टॉक तैयार रखा गया है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत जिले में फ्लड पीएसी तैनात की गई है। वहीं एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के साथ भी सीधा समन्वय स्थापित किया गया है। प्रशासन का कहना है कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में बचाव दल को तत्काल सक्रिय किया जा सकेगा।

### पानी उतरते ही होगा फसल क्षति का सर्वे

गंगा का पानी खेतों में पहुंचने से विशेष रूप से गन्ने की फसल प्रभावित होने की आशंका है। प्रशासन ने किसानों को भरोसा दिलाया है कि पानी उतरने के बाद कृषि और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय सर्वे करेगी। आपदा प्रबंधक प्रशांत सक्सेना के अनुसार, पिछले वर्ष करीब 44 गांवों की कृषि भूमि बाढ़ से प्रभावित हुई थी। इस वर्ष भी प्रभावित फसलों का आकलन पानी उतरने के बाद किया जाएगा। यदि किसी किसान की फसल में 33 प्रतिशत या उससे अधिक क्षति पाई जाती है तो शासन की निर्धारित दैवीय आपदा नियमावली के तहत पात्र किसानों को समयबद्ध आर्थिक मुआवजा दिलाया जाएगा।

### 32 बाढ़ चौकियां और 35 आश्रय स्थल तैयार

जिला आपदा विशेषज्ञ एवं आपदा प्रबंधक प्रशांत सक्सेना ने बताया कि बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटने के लिए जिले में पहले से व्यापक तैयारियां की गई हैं। जनपद में कुल 32 बाढ़ चौकियां और 35 बाढ़ आश्रय स्थल स्थापित किए गए हैं। सिंचाई विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिले में 24 संवेदनशील और पांच अतिसंवेदनशील क्षेत्र चिह्नित किए गए हैं। गंगा नदी नजीबाबाद, बिजनौर अपस्ट्रीम और चांदपुर डाउनस्ट्रीम तहसील क्षेत्र से होकर गुजरती है। गंगा का कैचमेंट एरिया बड़ा होने के कारण हरिद्वार से दो से तीन लाख क्यूसेक या उससे अधिक पानी छोड़े जाने पर चांदपुर का खादर क्षेत्र विशेष रूप से प्रभावित होता है।

### हर दो घंटे में अधिकारियों को अलर्ट सचेत ऐप से मिल रही चेतावनी

**जिला आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम पूरी तरह सक्रिय है। मौसम विभाग से चेतावनी मिलने के बाद हर दो घंटे में एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ, ईओ, तटीय गांवों के प्रधानों और आपदा मित्रों से संपर्क कर मौसम और जलस्तर की जानकारी साझा की जा रही है। प्रशासन को 'सचेत ऐप' के माध्यम से दो से तीन घंटे पहले मौसम संबंधी अलर्ट और नोटिफिकेशन मिल रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार इससे संभावित खतरे से पहले ही तैयारियां करने में काफी मदद मिल रही है।**

### ग्राम चौपाल के जरिए ग्रामीणों को किया जा रहा जागरुक

प्रशासन की ओर से ग्राम स्तर पर 'ग्राम चौपाल' आयोजित कर ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव और सावधानियों के बारे में जागरुक किया जा रहा है। तहसीलवार बाढ़ सुरक्षा उपकरण पहले ही वितरित किए जा चुके हैं। संवेदनशील स्थानों पर नाव, नाविक और गोताखोरों का भी चिन्हीकरण पूरा कर लिया गया है। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे नदी और जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से न जाएं तथा किसी भी तरह की आपात स्थिति में तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। फिलहाल प्रशासन का दावा है कि आबादी क्षेत्र सुरक्षित है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

---

## आरआर पब्लिक स्कूल में हुई त्रिवेणी ज्ञान परीक्षा



**नूरपुर ( चिंगारी )।** स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक ज्ञान पर आधारित त्रिवेणी ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपनी बौद्धिक क्षमता और ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में कक्षा नौ से कक्षा 12वीं तक के 85 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने बताया कि ओम कृष्णा सामाजिक सहयोग फाउंडेशन एंड अशोक कुमार गुप्ता टीचर्स कालोनी धामपुर के तत्वावधान में आयोजित त्रिवेणी ज्ञान परीक्षा का स्कूल में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के मानसिक विकास और शैक्षणिक कौशल को बढ़ाने में सहयोग करती हैं। इस परीक्षा में रामायण, महाभारत, वेद पुराण व संस्कृत ज्ञान से संबंधित करीब चालीस प्रश्न पूछे गये। इसमें सभी कक्षा के विद्यार्थियों को अलग-अलग प्रश्न पत्र दिया गया। धामपुर से पर्यवेक्षक के रूप में आए सुनील कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस परीक्षा को सफल बनाने में स्कूल के उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह, शिक्षक चंचल कटारिया, संजीव डबास, रीतु राजपूत, गौरव चौहान, अनुराग शर्मा आदि का सहयोग रहा।

## पत्रकारों की समस्याओं का होगा निस्तारण-डीएम

### जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति की बैठक में उठे कई मुद्दे



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान को लेकर चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रकारों से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। जो मामले जिला स्तर पर हल हो सकते हैं, उन्हें यहीं निस्तारित किया जाएगा, जबकि जिला स्तर से संबंधित न होने वाले प्रकरणों को शासन को भेजा जाएगा।

जिला सूचना कार्यालय की विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में पत्रकारों ने मेडिकल कॉलेज में पत्रकारों के लिए अलग लाइन की व्यवस्था, थानों में होने वाली शांति समिति की बैठकों में पत्रकारों को आमंत्रित करने, मान्यता प्राप्त पत्रकारों एवं उनके परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनवाने, टोल प्लाजा पर नि:शुल्क व्यवस्था तथा प्रेस क्लब की स्थापना सहित कई मुद्दे उठाए। पत्रकार संजीव शर्मा की बेटी की मृत्यु की निष्पक्ष जांच कराने का मामला भी जिलाधिकारी के समक्ष रखा गया।

सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चंदोला ने बताया कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों एवं उनके परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सहयोग से आयुष्मान मित्र के माध्यम से विशेष कैंप लगाया जाएगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवेंद्रपाल सिंह, सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय, मान्यता प्राप्त पत्रकार डॉ. जमील अहमद, आसिफ अंसारी, शहजाद अंसारी, जहीर अहमद तथा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह मौजूद रहे।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# भोले के नंदी बने कांवड़िए....हरिद्वार से मुरादाबाद तक पैदल यात्रा

## मुरादाबाद के सात शिवभक्तों ने भोलेनाथ की मूर्ति को कंधे पर ले जाने का लिया था संकल्प



**नगीना ( चिंगारी )।** श्रावण माह के अंतिम सप्ताह में हरिद्वार से गंगाजल लेकर हजारों शिवभक्त अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। कांवड़ियों में महिला, युवा, बच्चों व वृद्धों में महादेव के प्रति आस्था देखने को मिल रही है। ऐसे में बृहस्पतिवार को सात शिवभक्त अपने संकल्प के साथ भगवान शिव की मूर्ति को कंधों पर ले जाते दिखाई दिए। नगीना-धामपुर मार्ग से होकर कांवड़ियों का दिन-रात निकलना जारी है। बृहस्पतिवार की शाम मुरादाबाद निवासी सात शिवभक्त भगवान भोलेनाथ की बड़ी-बड़ी मूर्तियां हरिद्वार से अपने कंधों पर लेकर नगीना से होते हुए मुरादाबाद के लिए कूंच कर गए। भक्तों का कहना था कि वह इस बार भोले बाबा के नंदी बने हैं और उनकी मूर्ति को अपने स्थानीय मंदिरों में स्थापित करने के लिए मुरादाबाद तक पैदल यात्रा कर रहे हैं। भक्तों ने बताया कि वह भोले के नंदी बन अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सभी शिवभक्त भोले की मूर्तियों के साथ साथ गंगाजल भी ले जा रहे हैं।

## स्योहारा में गूंज रहा बम भोले का जयघोष, शिवभक्तों में जोश

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर में कांवड़ियों के बम-बम भोले जयघोष ने सभी को भक्तिमय कर दिया है। पवित्र माह सावन का अंतिम चरण चल रहा है और शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ ला रहे हैं। नगर में मंदिरों में विश्राम करने के लिए व्यवस्था की गयी है। मनोकामना काली माता मंदिर पर जनसहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया है, जो पुरे सावन माह में शिवभक्तों को भोजन की व्यवस्था करता है।



बड़ी-बड़ी कांवडों को देखने के लिए नगर के लोग मुख्य मार्ग पर आ जाते हैं। पुलिस शिवभक्तों की सुरक्षा में दिन-रात लगी है, जिससे कांवड़ यात्रा सुगम बन रही है।

## विद्यालय में हुई संभाषण प्रतियोगिता



**हल्दौर ( चिंगारी )।** डॉ. फकीरचंद सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दौर में रोटरी क्लब द्वारा साक्षरता विषय पर संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 18 भैया-बहनों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बाल वर्ग में सृष्टि शर्मा प्रथम, इशिका शर्मा द्वितीय, राज चौहान तृतीय स्थान रहे तथा किशोर वर्ग में आशी चौहान प्रथम, दृष्टि शर्मा द्वितीय, छवि तृतीय स्थान पर रहे। जिसमें रोटरी क्लब अध्यक्ष अभिषेक चौहान, सचिव विकास मारवाड़ी, कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र कुमार रस्तोगी व निर्णायक मंडल में जितेंद्र मारवाड़ी, प्रवीण रस्तोगी, अनुज मारवाड़ी रहे तथा अन्य सदस्य रोटेरियन धर्मेंद्र रस्तोगी, दिवाकर रस्तोगी, सुरेंद्रपाल सिंह, डॉ. राजीव शरण शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष अभिषेक चौहान ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं व पुरस्कार वितरण किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने सभी रोटरी क्लब के पदाधिकारी व सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## पालिका सभासदों ने कुत्ते पकड़वाने को ज्ञापन दिया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर पालिका सभासद इरशाद अहमद व नामित सभासद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कलवा शेख मंसूरी ने एसडीएम शैलेंद्र कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें एक पत्र सौंपा। जिसमें नगर के मौहल्ला संतोमालन सहित विभिन्न मौहल्लों व गलियों में आवारा कुत्तों की भरमार होने तथा कुत्तों द्वारा बच्चों व बड़ों पर आएदिन हमला कर उन्हें घायल करने की बात कहते हुए आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है। सभासदों ने कहा कि मौहल्लों में कुत्तों के झुंड घूम रहे है, जो गंदगी फैलाने के साथ लोगों को अपने घरों से निकलना दुश्वार कर रहे है। स्कूली बच्चों में आवारा कुत्तों का काफी खौफ है। उन्होंने आवारा कुत्तों को शीघ्र पकड़वाकर जनता को निजात दिलाने की मांग की है।

## दुकानदारों ने बंद पड़े नाले को खुलवाने की मांग की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** बिहारी के चौराहा क्षेत्र के व्यापारियों ने बंद पड़े नाले को शीघ्र खुलवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बिहारी के चौराहे पर मनोज चाय वाले की दुकान से नरेंद्र परचून वाले की दुकान तक गंदा नाला बंद पड़ा होने से बारिश का पानी रोड व दुकानों के सामने भर जाता है। जिससे क्षेत्रवासियों के साथ उधर से वर्तमान में सावन मास में गुजर रहे कांवड़ यात्रियों को भी जलभराव के बीच से गुजरना पड़ रहा है। दुकानदारों हरप्रसाद, मनोज कुमार, शमीम अहमद ने संबंधित विभाग से नाले की सफाई कराकर जलनिकासी की व्यवस्था सुचारू कराने की मांग की है।



## राजीव गांधी की जयंती पर कल दिव्यांग बच्चों को वितरित किये फल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद ने नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के नेतृत्व में भारत रत्न एवं कंप्यूटर क्रांति के जनक, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर नजीबाबाद के हरिद्वार रोड स्थित प्रेमधाम आश्रम में दिव्यांग बच्चों को फल वितरित किए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी के देश के विकास, आधुनिक तकनीक तथा सामाजिक सद्भाव के लिए किए गए योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद ने इस अवसर पर सामाजिक सद्भाव, भाईचारा व मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, नगर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नगर महासचिव नदीम फारूकी, डॉ. सलीम सैफी, परवेज अली, शेर अली, मोनू टाटा, सिताब खान सहित काफी कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बजरंग दल की साहसिक यात्रा में कार्यकर्ता रवाना

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** बजरंग दल की साहसिक यात्रा में बिजनौर से बजरंग दल के नेतृत्व में 13 कार्यकर्ता जम्मू के पुंछ जिले में स्थित 6 दिन की यात्रा पर गए। बजरंग दल के जिला संयोजक अरुण चौधरी ने बताया कि बजरंग दल के नेतृत्व में ये यात्रा हर वर्ष 10 दिन के लिए निकाली जाती है। इस यात्रा में पूरे देश से कार्यकर्ता शामिल होने के लिए आते हैं। उधर अभिषेक त्यागी जिला सुरक्षा प्रमुख बिजनौर ने बताया कि ये यात्रा पाकिस्तान सीमा से लगी होने के कारण पहले बंद थी। वर्ष 2005 में बजरंग दल ने इसे साहसिक यात्रा को पुन: शुरू किया है। इस वर्ष यात्रा का शुभारंभ राष्ट्रीय संयोजक कृष्ण प्रजापत ने किया। बिजनौर से यात्रा में जाने वाले कार्यकर्ताओं का विभाग संगठन मंत्री जयलेश ने तिलक चंदन कर उन्हें रवाना किया। यात्रा में मुख्य रूप से विभाग मंत्री मनोज शर्मा, जिला मंत्री सौरभ शर्मा, जिला संयोजक अरुण चौधरी, जिला सुरक्षा प्रमुख अभिषेक त्यागी, जिला धर्म प्रसार प्रमुख संजय चौधरी, जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख रजत चौधरी, बलराम रघुवंशी, पीयूष बजरंगी, आशीष बालियान, उज्जवल, विकाश चौधरी, राघव खेड़ा आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

यात्रा के लिए रवाना होते बजरंग दल कार्यकर्ता।



# चीनी व प्याज के दाम 20 रूपए किलो बढ़ाये, ग़रीब महंगाई से घबराये

## जमाखोरों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की मांग




**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** देश में बढ़ती महंगाई ने गरीब की कमर तोड़कर रख दी है। रोजमर्रा की घरेलू खाने-पीने की वस्तुओं पर अचानक बेहताशा वृद्धि से लोग परेशान हैं। चीनी व प्याज के दाम एक सप्ताह के अंदर दो-चार रूपए किलो नहीं, बल्कि एक दम बीस रूपए किलो बढ़ा दिये गये हैं। करीब एक सप्ताह पूर्व चीनी 38-40 रूपए किलो बाजार में बिक रही थी, मगर अचानक बाजार में चीनी के दाम 20 रूपए बढ़ाकर 60 रूपए किलो कर दिये गये। 60 रूपए किलो भी थोक व्यापारी चीनी बेच रहे हैं। मगर फुटकर व्यापारी जो दो-चार किलो चीनी खरीद कर गरीब को उसे करीब 62 रूपए किलो चीनी बेचनी पड़ रही है। चीनी एक ऐसी चीज है जो हर गरीब-अमीर के घर इसका रोजाना चाय आदि में मुख्य रूप से खर्च है। चीनी के दाम बढ़ने से होटल पर चाय बेचने वालों ने चाय का छोटे कप का रेट बढ़ाकर 10-12 से अब सीधे 15 रूपए कर दिया है। चीनी के दाम बढ़ने से चीनी से बनने वाली अन्य चीजें मिठाई आदि के दाम भी बढ़ने हैं। अब होटल वाला भी क्या करे गैस महंगी, चाय की पत्ती महंगी, दूध महंगा और अब चीनी भी महंगी है। कुछ लोगों का कहना है कि कालाबाजारी करने वाले लोगों ने चीनी का स्टाक कर चीनी के दाम बढ़ा दिये हैं। सूत्रों से पता चला है कि चीनी की कुछ कमी के कारण दाम और बढ़ने को देखते हुए जमाखोरों ने इसे जमा कर लिया है। चीनी के साथ बाजार में करीब एक सप्ताह पहले 30-40 रूपए किलो बिकने वाली प्याज अब 50-60 रूपए किलो कर दी गई है। प्याज पर सीधे 20 रूपए किलो बढ़ जाने से पहले से ही प्याज महंगी होने से परेशान गरीब लोगों को महंगाई का एक और झटका लगा है। प्याज प्रत्येक घर व होटल में सब्जी में इस्तेमाल होने वाली चीज है, यह महंगी होने से गरीब के सामने परेशानी खड़ी हो गई है। प्याज पर भी कुछ लोग स्टाक कर कालाबाजारी का काम कर रहे हैं। गरीबों का कहना है कि यह सरकार पूंजीपतियों की सरकार है, गरीबों की सरकार को कोई फिक्र नहीं है। कालाबाजारी करने वाले मालामाल हो रहे हैं तथा गरीब पहले से कंगाल होता जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से चीनी व प्याज की कालाबाजारी कर दाम बढ़ाने वालों के खिलाफ छापामारी व जांच कर कार्रवाई कराने की मांग की है।

## चीनी ने बिगाड़ा ग़रीबों की चाय का स्वाद

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** चीनी के दाम अब 60 रूपये प्रति किग्रा के पार पहुंच चुके हैं। थोक में चीनी जहां 6000-6200 रूपये प्रति कुंतल बिक रही है, वहीं फुटकर में चीनी के दाम 62- 64 रूपये प्रति किग्रा तक पहुंच गये हैं। लगातार 10 साल तक 40 रूपये प्रति किग्रा के आसपास बिकने वाली चीनी के दामों को पिछले कुछ दिनों में पंख लग गये हैं। अगस्त माह में चीनी के दामों में जबरदस्त उछाल आया है। पहले चीनी के दाम 50 रूपये प्रति किग्रा के पार हुए और अब 60 रूपये के भी पार पहुंच गये हैं। चीनी की लगातार बढ़ती कीमतों से आम आदमी हक्का-बक्का है। किराना की बड़ी दुकानों पर चीनी के थोक दाम 6000 से 6200 रूपये प्रति कुंतल तक पहुंच चुके हैं। कुछ मिलों की चीनी के थोक दाम 6000 रूपये प्रति कुंतल हैं, तो अधिकांश चीनी मिलों के थोक दाम 6200 रूपये तक पहुंच गये हैं। बड़ी दुकानों पर रिटेल में चीनी 60 से 62 रूपये प्रति किग्रा के रेट पर बिक रही है, जबकि गली-मुहल्लों की छोटी दुकानों पर चीनी 62 से 64 रूपये के दाम पर पहुंच चुकी है। आम आदमी की चाय का स्वाद और रसोई का बजट दोनों बिगड़ चुके हैं। चीनी के दामों में भारी वृद्धि होने के परिणामस्वरूप कुछ खाद्य पदार्थों तथा मिठाइयों के दाम भी बढ़ सकते हैं।

### गन्ने के रेट भी बढ़ने चाहिए

चीनी के दामों में आये भारी उछाल के बाद सोशल मीडिया पर किसान अब गन्ना पेराई सत्र 2026- 2027 के लिये गन्ने के दामों में भी बड़ी वृद्धि की मांग कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर किसान चाहते हैं कि आगामी पेराई सत्र के लिये गन्ने के दाम 400 रूपये से बढ़ाकर 550- 600 रूपये प्रति कुंतल किये जायें। किसान सोशल मीडिया पर गन्ने के रेट बढ़ाये जाने के लिये अपने-अपने तर्क प्रस्तुत कर रहे हैं।




गन्ने के रेट बढ़ाने को सोशल मीडिया पर की गई एक पोस्ट

## पीडब्ल्यूडी पर वन विभाग की भूमि पर अवैध रूप से सरकारी धनराशि की लूट करने का आरोप

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी हेमेंद्र सिंह ने लोक निर्माण विभाग नजीबाबाद के अधिशासी अभियंता को भेजे पत्र में 20 लाख 45 हजार के भ्रष्टाचार एवं उस ही सरकारी सड़क पीडब्ल्यूडी की भूमि के विक्रय पत्र 14 मई 2025 पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सरकारी सड़क की भूमि को सुरक्षित करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं किये जाने की शिकायत की है। पत्र में कहा गया है कि नजीबाबाद तहसील के ग्राम नांगलसोती स्थित खसरा नम्बर 416 मिलजुमला में वनविभाग की भूमि जो आरक्षित है। इस मिलजुमला खसरा नम्बर 416 में और भी हिस्सेदारी है। प्रश्नगत भूमि का सीमांकन नहीं हुआ है, जो अविभाजित है। ना ही पक्षकारों के हिस्से खुले हुए है। इस खसरा 416 में बनी प्रश्नगत पीडब्ल्यूडी की अवैध सड़क का किसी अखबार में प्रकाशन नहीं हुआ ना ही टेंडर निकाला गया। नियमों को ताक पर रखकर ठेकेदार व अन्य के साथ मिलकर षड़यंत्र के तहत वन विभाग की भूमि पर अवैध रूप से सरकारी धनराशि की लूट कर ली गई जो की एक गंभीर अपराध है। उक्त संबंध में यह भी अवगत कराना है कि एक हिस्सेदार फरजाना परवीन ने आपको भी शायद सड़क निर्माण हेतु शपथ पत्र दिया हो ऐसी स्थिति में सरकारी सड़क की भूमि की भी बिक्री हो गई है। जबकि बार-बार पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन को सूचित किये जाने के बावजूद भी उक्त सरकारी पीडब्ल्यूडी द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार व एसडीएम नजीबाबाद, डीएम अथवा उत्तर प्रदेश शासन में शिकायत दर्ज कराकर पीडब्ल्यूडी की सरकारी सड़क की भूमि को सुरक्षित करने की दिशा में कार्रवाई नहीं की गई। ना ही सड़क भूमि के क्रेता व विक्रेता के खिलाफ कोई कार्रवाई की। इससे स्पष्ट है कि पीडब्ल्यूडी विभाग सड़क की भूमि की बिक्री में भूमाफियाओं से मोटी रकम रिश्वत खाकर हमसाज है। इस कारण लोकनिर्माण विभाग नजीबाबाद द्वारा भ्रष्टाचार पर लगातार वर्षों से पर्दा डालने का काम किया जा रहा है। उक्त बैनामा 14 मई 2025 को वनविभाग राजगढ़ रेंज ने फर्जी बताते हुए विधिक नोटिस दिया है। उन्होंने 4 जुलाई 2026 को भी इसकी शिकायत की थी जिसे विभाग ने दबा दिया है। शिकायतकर्ता ने इस बड़े भ्रष्टाचार के मामले की किसी सक्षम अधिकारी से जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की है।

**शिकायतकर्ता ने बड़े भ्रष्टाचार की सक्षम अधिकारी से जांच की मांग की**

## कमलेश आर्या 'नजीबाबाद रत्न' से सम्मानित



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद में भाजपा नेत्री लीना सिंघल के सौजन्य से आयोजित नारी वंदन कार्यक्रम में समाजसेवा के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने के लिए आर्य सुंगध संस्थान मुस्सेपुर की संचालिका कमलेश आर्या को नारी वंदन नजीबाबाद रतन देकर सम्मानित किया गया। इसके लिए आर्य सुंगध संस्थान परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद किया।

## गांव की सड़क पर फैला गंदगी व पानी ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर उर्फ बाजोपुर में स्वच्छता अभियान की पोल खुल गई है। मार्ग पर गंदगी व कीचड़ ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। गांव की सड़कों पर जलभराव व गंदगी के कारण ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया है। हालात यह हैं कि स्कूल जाने वाले बच्चों को भी गंदगी व कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था न होने के कारण जगह-जगह गंदगी जमा रहती है। बारिश होने के बाद हालात और भी बदतर हो जाते हैं। सड़कों पर पानी व कीचड़ जमा होने से रास्ते दलदल में तब्दील हो जाते हैं। ऐसे में पैदल चलने वाले ग्रामीणों के साथ दोपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव के स्कूल जाने वाले बच्चों की परेशानी सबसे ज्यादा है। सुबह-सुबह बच्चों को स्कूल जाने के लिए इन्हीं गंदगी व कीचड़ से भरे रास्तों से गुजरना पड़ता है। कीचड़ व गंदे पानी के कारण कई बार बच्चों के कपड़े व जूते खराब हो जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की सफाई व्यवस्था को लेकर कई बार ग्राम पंचायत स्तर पर शिकायत की गई। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को भी समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई व जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सफाई व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही है। गांव में गंदगी व जलभराव के कारण ग्रामीणों में बीमारियां फैलने की आशंका भी बनी हुई है।

# कलश वंदन यात्रा का गांवों में अभिनंदन

# संत रविदास ने मानवता का संदेश दिया- ओमकुमार



पवित्र कलश को सिर पर धारण करते हुए विधायक ओम कुमार

**नहटौर ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें जयंती वर्ष के पावन अवसर पर नहटौर विधानसभा क्षेत्र के आंकू मंडल अंतर्गत ग्राम महमूदपुर बुजुर्ग,नन्हेड़ा, खजुरा जट, जमालपुर, सीकरी भोगपुर में आयोजित 'कलश वंदन यात्रा' में नहटौर विधायक ओम कुमार ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गुरु रविदास जी के श्रद्धालुओं के साथ श्रद्धापूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर विधायक ओम कुमार ने रविदास धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने अपने विचारों एवं आदर्शों के माध्यम से समाज को समरसता, समानता, सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश दिया। उनका जीवन एवं दर्शन आज भी हम सभी को मानवता, भाईचारे और सामाजिक समरसता की राह पर चलने की प्रेरणा देता है।

विधायक ने कहा कि संत रविदास जी की शिक्षाएं किसी एक वर्ग या समाज तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए भेदभाव से ऊपर उठकर समानता, प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के सम्मान में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गुरु रविदास मंदिरों पर वाराणसी स्थित गुरु रविदास जी की जन्मस्थली से लाई गई पवित्र माटी से युक्त कलश पहुंचाए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य समाज को संत रविदास जी के विचारों एवं उनके समतामूलक संदेश से जोड़ना है।

इस अवसर पर रविदास कमेटी महमूदपुर बुजुर्ग, जमालपुर, खजुराजट के अध्यक्ष बाबूराम सिंह, ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आंकू राकेश सैनी, अजयपाल सिंह, बहन अंकज जी, चन्द्रऋषि जी, मंगत सिंह, विनोद कुमार, गोविंद कुमार, नरेश प्रधान, कपिल प्रधान सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।


TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007


# राशन डीलरों का लाभांश बढ़ाने का स्वागत



**स्योहारा ( चिंगारी )।** एक प्रेस वार्ता में व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 78 हजार से अधिक राशन डीलरों (उचित दर विक्रेताओं) को बड़ी सौगात देते हुए उनके लाभांश को 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति क्विंटल करने की ऐतिहासिक घोषणा की है। इसके साथ ही वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, पारदर्शी एवं जनोन्मुख बनाने के लिए 'सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी' व ई-पॉस आधारित 'फीडबैक प्रणाली' का भी शुभारंभ किया।

# कुरान हिफ्ज करने पर हाफिज की उपाधि से नवाजा



**नगीना ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला नालबंदान स्थित मस्जिद खजूरो वाली में आयोजित दस्तारबंदी कार्यक्रम में मुहल्ला सरायमीर निवासी मो. शादमान को इमाम मस्जिद मौलाना इस्लामुद्दीन की सरपरस्ती में मुकम्मल कुरआन शरीफ हिफ्ज करने पर हाफिज की उपाधि से नवाजा गया। इस दस्तारबंदी कार्यक्रम की सदारत इमाम जामा मस्जिद मुफ्ती मुहम्मद उवैस अकरम ने की, जबकि निजामत मौलाना हिफ्जुर्रहमान मजाहिरी ने की। आगाज़ में हाफिज बिलाल की कुरआन शरीफ की तिलावत की और मुफ्ती कफील अहमद मजाहिरी ने बारगाहे रिसालत में नाते पाक का नजराना पेश किया। इस मौके पर मुफ्ती अबरार अहमद और मुफ्ती मुशाहिद हुसैन ने कुरआन शरीफ की अजमत,उसकी फजीलत और उसकी नसीहतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने कुरआन शरीफ हिफ्ज करने को रब की ओर से बहुत बड़ी नेमत बताया और हाफिज शादमान और उनके परिवार को मुबारकबाद दी। कार्यक्रम संयोजक मौलाना इस्लामुद्दीन ने हाफिज को दुआओं से नवाजा। इस मौके पर मुफ्ती बिलाल, मुफ्ती नबील, मुफ्ती कफील, कारी अतीक, मौलाना रियान, हाफिज बिलाल, हाफिज विसाल, मुफ्ती उस्मान, मौलाना रफीउज्जमां, मौलाना साकिब, कारी फरकान, हाफिज अतीक, मुफ्ती अफजल, मौलवी जैद सहित कई लोग मौजूद रहे।

# थियेटर प्रतियोगिता में जेनेसिस स्कूल को मिला द्वितीय स्थान

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** देहरादून स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय कर्टेन कॉल इंटर-स्कूल थियेटर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।। प्रतियोगिता में 10 प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर अपनी अभिनय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें डीपीएस देहरादून, डीपीएस ऋषिकेश, दून कैम्ब्रिज स्कूल, अगापे मिशन स्कूल और श्री साईं बाबा इंटरनेशनल स्कूल सहित अन्य विद्यालय शामिल रहे।

प्रतियोगिता में जसपुर के जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध अंग्रेजी साहित्यकार विलियम शेक्सपियर के नाटक मैकबेथ के एक्ट-1, दृश्य-1 तथा लेडी मैकबेथ के स्लीपवॉक दृश्य का प्रभावशाली मंचन किया। विद्यार्थियों ने शानदार अभिनय, प्रभावी संवाद अदायगी और उत्कृष्ट मंच प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों एवं निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया।



विद्यार्थियों के प्रभावशाली मंचन के आधार पर जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के चेयरमैन सोहन सिंह सहोता, एमडी सनप्रीत सिंह सहोता एवं प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने अंग्रेजी शिक्षिका अफ्शा तथा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और मंचीय प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# कामेन्द्र को आत्महत्या के लिये मजबूर करने वाली पत्नी व उसका प्रेमी गिरफ्तार

## बच्चे की बलि देने को विवश कर रहे थे

**नांगल सोती (चिंगारी)।** 24 जून, 2026 की सुबह सहारनपुर से मुरादाबाद की ओर जा रही ट्रेन से टकराकर कामेन्द्र (44 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी ग्राम जाफरपुर थाना मंडावर-बिजनौर की मृत्यु हो गई थी। यह घटना चंदक रेलवे स्टेशन से लगभग 500 मीटर की दूरी पर ग्राम पूंडरी कलां के जंगल में घटी थी। मृतक के पुत्र सागर ने 25 जून को पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा था कि उसकी मां अरुणा देवी घर में रखे सोने के जेवर और 2 लाख रुपये लेकर विगत 21 मई को नांगल निवासी हिमांशु भारद्वाज पुत्र अरविंद भारद्वाज के साथ चली गई थी। आरोपी हिमांशु उनके गांव के मंदिर पर रहता था। युवक का आरोप है कि उसकी मां और हिमांशु, उसके पिता पर किसी मासूम बच्चे की बलि देने के लिये दबाव बना रहे थे। उसके पिता ने हिमांशु का घर पर आना बंद कर दिया था, तो उसकी मां ने दबाव बनाने के लिये नशीला पदार्थ खा लिया था। इससे उसके पिता काफी परेशान थे। उसकी मां ने उसके पिता से यहां तक कह दिया था कि किसी और की बलि नहीं दे सकते, तो अपनी ही बलि दे दो। सागर का कहना है कि इन दोनों के उत्पीड़न से तंग आकर ही उसके पिता ने आत्महत्या की है। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने कामेन्द्र को आत्महत्या के लिये मजबूर करने के आरोप में मृतक की पत्नी अरुणा देवी तथा हिमांशु के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी तथा विवेचक हरस्वरूप शर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों को कल हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया। दोनों हरिद्वार के सिड्कुल क्षेत्र में रहकर काम कर रहे थे। दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा न्यायालय के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# विकास कार्यों की रैंकिंग सुधारें-डीएम

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए रैंकिंग में सुधार और दिसंबर तक सभी विकासपरक कार्यक्रम पूरे कराने के निर्देश दिये।

जुलाई 2026 तक की प्रगति में बिजनौर को विकास व राजस्व कार्यों में संयुक्त रूप से प्रदेश में 31वीं सी रैंक मिली है। 85 विकास कार्यक्रमों में 58 को ए, छह को बी, दो को सी और एक को डी श्रेणी मिली है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में डी श्रेणी मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों तक जाने वाले रास्तों पर सीसी रोड या इंटरलॉकिंग, फैमिली आईडी के कार्य में तेजी तथा आईजीआरएस के फीडबैक में सुधार के निर्देश दिए। स्वास्थ्य उपकेंद्रों के लिए भूमि चिन्हांकन कर निर्माण जल्द शुरू कराने को कहा। बैठक में लंबित राजस्व वादों और अन्य विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान सीडीओ, एडीएम प्रशासन, एडीएम वित्त एवं राजस्व सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# बिलाई मिल में लगा हैल्थ कैम्प

**हल्दौर (चिंगारी)।** बजाज हिंदुस्तान शुगर यूनिट बिलाई के प्रांगण में विवेक मल्टीस्पेसलिस्ट हॉस्पिटल के सहयोग से एक हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया है। कैम्प का उद्घाटन यूनिट हेड भूपेन्द्र सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। कैंप में विवेक हॉस्पिटल के प्रसिद्ध डॉक्टर्स द्वारा चिकित्सा जांच की गई। कैम्प में डॉ. शोभित सिंह, डॉ. निकुंज शर्मा, डा.हिमानी, डॉ. शहजाद आदि चिकित्सक शामिल रहे। कैम्प में लगभग 200 लोगों ने चिकित्सा कैम्प का लाभ उठाया। इस अवसर पर एचआर हेड संजय गोयल ने विवेक हॉस्पिटल से आयी डॉक्टर्स की टीम का आभार व्यक्त किया। कैम्प को सफल बनाने में एचआर विभाग से रजत



चतुर्वेदी, अशोक राणा, आशुतोष पांडे व डॉ. अरविंद कुमार ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

# बुढ़ापा आने के बाद भजन-कीर्तन करने से कोई लाभ नहीं- रामदास जी

**हल्दौर (चिंगारी)।** यहां नवीन मंडी समिति में चल रही शिव महापुराण के तीसरे दिन गुरुवार को वृंदावन धाम से पधारे रामकृपा धाम आश्रम के पीठाधीश्वर कथा व्यास श्री रामदास जी महाराज ने कहा कि आग लगने के बाद कुआं खोदने से कोई मतलब नहीं अर्थात बुढ़ापा आने के बाद भजन-कीर्तन करने से कोई लाभ नहीं। महाराज श्री ने कहा इस शरीर में जब तक दिखाई देता है, सुनाई देता है, शरीर के अंदर शक्ति है, तभी तक आत्म कल्याण कार्य जीव को कर लेना चाहिए, वही बुद्धिमान पुरुष है जो समाज कल्याण जनहित के कार्यों में लगा हुआ है। महाराज श्री ने भगवान की महिमा



बताते हुए कहा कि जो नित्य भस्म लगाकर शिव जी की पूजा करता है, भूत प्रेत, सांसारिक उपद्रव उसके जीवन में नहीं होते हैं। भस्म धारण करने वाला भगवान शिव को अति प्रिय होता है, भस्म धारण करके जो शिव जी की पूजा करता है उसकी पूजा पूर्ण मानी जाती है। रुद्राक्ष की महिमा बताते हुए महाराज जी ने कहा कि रुद्राक्ष धारण करने वाले व्यक्ति को दूषित हवाएं स्पर्श भी नहीं कर सकती हैं और भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। इस अवसर पर शिव बारात का आयोजन किया गया, जिसमें बैंडबाजे के साथ बारात निकाली गई। वैदिक मंत्रोपचार के साथ शिव पार्वती विवाह संपन्न कराया गया। कथा के समापन पर शिव विवाह के अवसर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल में हुआ टेबिल-टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन

## मिष्ठी सिंह व अगम तोमर ने पाया पहला स्थान

**धामपुर (चिंगारी)।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल धामपुर में टेबिल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने किया। दो वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में 100 विद्यार्थियों के मध्य रोमांचक मुकाबले हुए। कक्षा 6 से 8 के मुकाबले में छात्रा वर्ग से मिष्ठी सिंह ने प्रथम स्थान, सांची और अरफान नूर ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। छात्र वर्ग



से अगम तोमर ने प्रथम तथा राघव कुमार और तेजस सिंह ने दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 9 से 12 वर्ग में छात्रा वर्ग में पारिशा चौहान ने प्रथम स्थान पाकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम दर्ज करवाया। दूसरे और तीसरे स्थान पर रीवा चौहान और कनिष्का विश्नोई रही। छात्र वर्ग में नमन वत्स ने पहला स्थान, लक्ष्य कुमार ने दूसरा स्थान तथा अक्षत भारद्वाज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद विद्यालय की प्रशासिका अदिति सिंह और प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने विजेताओं को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि व्यक्तित्व विकास में विभिन्न प्रकार के खेल और खेल भावना का विशेष महत्व होता है। उन्होंने बताया कि खेलों को बढ़ावा देने और दिन-रात में खेलने के उद्देश्य से स्टेडियम की व्यवस्था भी स्कूल में ही करवा दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि हमारा उद्देश्य छात्र-छात्राओं को जिला स्तर, प्रदेश स्तर व राष्ट्रीय स्तर की टीमों में चयनित होने के लिए प्रशिक्षित करना और अवसर उपलब्ध कराना है। प्रतियोगिता के आयोजन में प्रियंका मॉडर्न स्कूल के टेबिल टेनिस कोच संजीव सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# धोखे से नसबंदी करा दी पीड़िता ने पुलिस में तहरीर लगा दी

**पैजानिया ( चिंगारी )। थाना हल्दौर क्षेत्र के ग्राम सोतखेड़ी में एक महिला ने गांव की आशा कार्यकर्ता पर धोखे में रखकर उसकी नसबंदी कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने आशा के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, बिहार के दरभंगा जिले के रहने वाले मोहम्मद रमजानी अपनी पत्नी अनवरी और पांच बच्चों के साथ करीब दो वर्षों से ग्राम सोतखेड़ी निवासी बब्लू खां के यहां नौकरी करते हैं। आरोप है कि बब्लू खां और रमजानी की गैरमौजूदगी में गांव की आशा कार्यकर्ता शाहिस्ता, अनवरी को दवाई दिलाने के बहाने हल्दौर सीएचसी में आयोजित नसबंदी शिविर में ले गई। पीड़िता का आरोप है कि उसे सही जानकारी दिए बिना धोखे में रखकर उसकी नसबंदी करा दी गई। बाद में मामले की जानकारी होने पर रमजानी और अनवरी ने नाराजगी जताते हुए थाने पहुंचकर आशा शाहिस्ता के खिलाफ तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। परिजनों का कहना है कि तहरीर दिए दो दिन बीतने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़िता और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई तो वे पुलिस अधीक्षक से मिलकर शिकायत करेंगे। इस संबंध में हलका दरोगा शेर सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।**

# ड्राइंग प्रतियोगिता के विजयी छात्रों को सम्मानित किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर द्वारा संचालित बास्टा रोड, चांदपुर स्थित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में दयालु नागरिक मानसेवा ट्रस्ट तथा पेटा संस्था द्वारा आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता के विजयी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, कला के प्रति रुचि तथा जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता को भावना को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में मशरा ज़हरा ज़ैदी ने प्रथम, अल्तशा ने द्वितीय, खनक तोमर ने तृतीय, अमानिया मलिक ने चतुर्थ तथा काशिफा खान ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नदीम बख्श ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कला विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच और आत्मविश्वास को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। शैक्षणिक इंचार्ज शहज़ाद खान ने विजयी छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना विद्यालय की प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आर्ट एंड क्राफ्ट प्रमुख सबा खान तथा परवीन का विशेष योगदान रहा।

## मिलेनियम स्कूल में हुआ भव्य कार्यक्रम

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजीबाबाद रोड कोतवाली देहात में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम एवं सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में हुआ। कोतवाली देहात के पूर्व प्रधान इश्तियाक मोहम्मद एवं प्रधानाचार्य अजय कुमार ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। विद्यालय की उपप्रधानाचार्य श्रीमती शालिनी चौहान ने शारिक खान, बाबर, गफ़्फ़ार अली, गौरव आदि अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में स्वागत गीत, देशभक्ति लघु, नाटिका नारी शक्ति, नृत्य, फैशन शो आदि कार्यक्रमों ने सभी को मंत्र मुग्ध कर देश भक्ति में रंग दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पारुल, रामेंद्र, विकास कुमार, रुपाली, अर्शी अबरार, रोहिताश, भर्म सिंह, मेघा, राहुल प्रेमी, दीक्षा, मुनीद, वंदना, शगुफ्ता शिक्षक एवं शिक्षिकाओं आदि सहयोग रहा।

## बच्चों को हिप-हॉप डांस सिखाया गया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल में विशेष हिप-हॉप डांस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप की रिसोर्स पर्सन मिस जेसिका चड्ढा ने विद्यार्थियों को हिप-हॉप डांस के विभिन्न स्टेप्स और बॉडी मूवमेंट की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों से उनका अभ्यास भी कराया। वर्कशॉप के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया। उन्होंने हिप-हॉप डांस के विभिन्न स्टेप्स, बॉडी मूवमेंट, ताल और लय को सीखा और उनका अभ्यास किया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति मित्तल व प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने कहा कि वर्कशॉप का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक नया कौशल सीखने के साथ-साथ अपनी प्रतिभा को पहचानने और उसे बेहतर बनाने का अवसर प्रदान करना था।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के राजपुर परसु गांव निवासी हरिओम उर्फ छोटू पुत्र रामपाल को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट संबंधित एक वाद न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें वह वांछित चल रहा था।**

## बाढ़ पीड़ित किसानों का धरना शुरू



**चांदपुर ( चिंगारी )।** खादर क्षेत्र के किसानों ने बाढ़ की रोकथाम के लिए तटबंध बनाए जाने तथा जिन किसानों की बाढ़ से फसलों को नुक़सान पहुंचा है, उन किसानों को 20 हजार प्रति बीघा के हिसाब से मुआवजा दिये जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर नारनौर के नजदीक अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में खादर क्षेत्र के ग्रामीण नारनौर के नजदीक पहुंचे तथा धरना दिया। बाढ़ पीड़ित किसानों का कर्जा पूरी तरह से माफ किए जाने सहित अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की। धरना देने वालों में रवेन्द्र त्यागी उर्फ कालू, सुभाष चौहान, उदय सिंह कश्यप, अनुज कुमार, सौरभ, अरविन्द कुमार, दुष्यंत कुमार, संजीव कुमार, राजवीर सिंह, निखिल त्यागी, सोनू त्यागी, सुशील कुमार, शिवकुमार शर्मा, लेखराज सिंह, तेजपाल सिंह आदि शामिल हैं।

# वैदिक जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया

### आर्य समाज हीमपुर दीपा का वार्षिकोत्सव सम्पन्न




**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** ग्राम रतनपुर खुर्द में मंडी स्थल पर चल रहे आर्य समाज हीमपुर दीपा के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन हुआ, जिसमें आर्यों एवं श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। समापन समारोह का शुभारंभ नवलपुर गुरुकुल की ब्रह्मचारिणी बहनों के गीत और भजनों की श्रृंखला से किया गया। तत्पश्चात सत्संग सभा में आर्य समाज के वैदिक प्रचारक एवं प्रसिद्ध भजनोपदेशक महाशय कुलदीप विद्यार्थी ने महाभारत कालीन प्रसंग की विस्तार से चर्चा करते हुए वैदिक जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। महाभारत के पात्रों का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में भी धर्म और कर्तव्यों का पालन करते रहना चाहिए। सत्संग या फिर श्रेष्ठजनों की शरण में जो पहले पहुंच जाता है। वही मानव हमेशा जीवन में सफल होते हैं। समाज में कुरीतियों एवं आडंबरों का साम्राज्य फैलने लगा, तब महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा समाज और राष्ट्रहित में आर्य समाज की स्थापना की गई और युवा शक्ति में देश प्रेम की भावना जागृत कर अनेक सुधार कराए गए।

इस दौरान प्रसिद्ध भजनोपदेशिका छवि आर्या, महाशय कल्याण सिंह आर्य, महाशय घासीराम आर्य ने भजनों के माध्यम से देश भक्ति और समाज सुधार की अलख जगाई। इस अवसर पर आर्य सभा के जिला अध्यक्ष कर्मेंद्र सिंह, उपदेशक योगेश शर्मा, दयनाथ सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. राजवीर सिंह, पं. पवन कुमार शर्मा, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह चिकारा, नरेश चौधरी, कृष्णपाल आर्य, मा. सुभाष चंद्र, सुरजीत सिंह आर्य, रोशी आर्य, शिवकुमार आर्य, जितेंद्र आर्य, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार चौहान के अलावा भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गलत रिपोर्ट के आधार पर इंसुलिन देने का दबाव बनाने का आरोप

## महिला ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर चिकित्सका की शिकायत की

**बिजनौर (चिंगारी)।** महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध अस्पताल में तैनात एक चिकित्सक पर मरीज के परिजनों ने अभद्र व्यवहार करने, बाहर से दवाएं व जांच कराने का दबाव बनाने तथा कथित तौर पर गलत रिपोर्ट के आधार पर इंसुलिन देने का दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले में पीड़ित परिवार ने अस्पताल प्रशासन, जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।



धामपुर निवासी 56 वर्षीय मरीज छाया देवी के परिजनों का आरोप है कि 14 अगस्त को मरीज को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। वार्ड में उपचार के दौरान डॉ. अबू हाशिम द्वारा अल्ट्रासाउंड, थायरॉइड जांच और कुछ दवाएं बाहर से मंगाने के लिए कहा गया। परिजनों का यह भी आरोप है कि मरीज का शुगर लेवल अधिक बताते हुए बाहर से इंसुलिन खरीदकर लाने का दबाव बनाया गया। परिजनों के अनुसार, 14 अगस्त की जांच रिपोर्ट में मरीज का HbA1c स्तर 14.2 प्रतिशत बताया गया था। इसके बाद 20 अगस्त को दोबारा कराई गई जांच में HbAvc 5.6 प्रतिशत आया। परिवार ने दोनों रिपोर्टों के बीच अंतर को लेकर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि इतने कम समय में HbA1c में इस तरह का बदलाव सामान्य चिकित्सकीय प्रक्रिया से संभव नहीं माना जाता, इसलिए रिपोर्ट की विश्वसनीयता और उपचार प्रक्रिया की जांच आवश्यक है। मरीज की बेटियों अमिता चौहान और मानसी चौहान ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने बाहर से दवा और जांच कराने को लेकर सवाल उठाए तो डॉक्टर ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि डॉक्टर ने गुस्से में अपना अंगोछा टेबल पर पटक दिया और मरीज को रात में ही अस्पताल से डिस्चार्ज कर बाहर निकालने की धमकी दी। परिजनों ने पूरे मामले की लिखित शिकायत मेडिकल कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रधानाचार्य, जिलाधिकारी तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर की है। शिकायत में मरीज के उपचार, जांच रिपोर्टों और बाहर से दवाएं एवं जांच कराने के कथित दबाव की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। परिजनों का कहना है कि यदि जांच रिपोर्टों में कोई गड़बड़ी है तो इसकी जिम्मेदारी तय की जाए और भविष्य में किसी अन्य मरीज के उपचार में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो।

# बाढ़ पीड़ितों को राशन किट वितरित की



**चांदपुर (चिंगारी)।** तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के सैकड़ों पीड़ित परिवारों में राहत सामग्री एवं राशन किट वितरित की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी ने कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों की सूची तैयार की जा रही है तथा प्रत्येक पात्र एवं पीड़ित परिवार तक राहत सामग्री और सरकारी सहायता पहुंचाई जाएगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, आशु गोयल सहित तहसील अधिकारी मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन


खिलाड़ियों के साथ बृजेश मिश्रा।

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** बीएसए इंटर कॉलेज कादराबाद में रामगंगा क्षेत्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान सीनियर एवं जूनियर वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों की टीमों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। इस अवसर पर अध्यापक डॉ. बृजेश मिश्रा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# शिव मंदिर के नवनिर्माण के लिए किया भूमि पूजन



**नगीना (चिंगारी)।** गांव हकीकतपुर गंगावली स्थित प्राचीन शिव मंदिर के नव निर्माण कार्य के लिए बृहस्पतिवार को भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह किया गया। वृंदावन चंद्रोदय मंदिर के महाराज अनंतवीर दास की उपस्थिति में आयोजित महोत्सव में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। सभी ने एक-एक ईंट नींव में रखकर मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य की सफलता और निर्विघ्न पूर्ण होने की कामना की। कार्यक्रम के दौरान विद्वान आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ कराया। मुख्य यजमान मदन सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी ने विधि-विधान से हवन में आहुति दी। भूमि पूजन एवं शिलान्यास के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में पहुंचे श्रद्धालुओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संजय अग्रवाल मेरठ, नई दिल्ली से आचार्य सौरभ ऋषि वैदिक, आरएसएस प्रचार प्रमुख पदम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, प्रिंस चौधरी, नीरज विश्नोई आदि मौजूद रहे।

# म्हाड़ी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

खानपुर में म्हाड़ी स्थल पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।



**नांगल सोती (चिंगारी)।** बृहस्पतिवार को ग्राम खानपुर (नांगल) में म्हाड़ी स्थल पर प्रसाद चढ़ाने को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बच्चों ने पीपल के पेड़ पर लाल झंडियां लगाईं तथा कुछ दूरी पर स्थित बूढ़े बाबा के मंदिर पर भी प्रसाद चढ़ाया। इस अवसर पर म्हाड़ी स्थल पर मिनी मेला भी आयोजित हुआ। श्रद्धालुओं ने चाट, पकौड़ी, जलेबी, फास्ट फूड आदि व्यंजनों का खूब लुत्फ उठाया, जबकि बच्चों ने खिलौने खरीदे। वहीं आज गंगा घट्टी पर मिनी मेला आयोजित हो रहा है। वहां श्रद्धालु पीपल के वृक्ष पर प्रसाद चढ़ा रहे हैं। शाम को घट्टी के नीचे रेत के मैदान में मिनी दंगल का भी आयोजन किया जायेगा।

# अचानक कार के सामने आ गया गुलदार

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पुट्ठा के नजदीक रात्रि फिर से गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया है। सड़क पर अचानक कार के सामने से गुलदार निकालकर खेत में चला गया। पुट्ठा निवासी फैजान पुत्र महबूब, हाशिम पुत्र लियाकत मिस्त्री बृहस्पतिवार की रात्रि बिजनौर से अपने गांव पुट्ठा चार पहिया वाहन से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार गांव शेरपुर-पुट्ठा के नजदीक पहुंची, अचानक


फाइल फोटो

गुलदार कार के सामने निकल कर पास ही खेत की डोल पर बैठ गया। हाशिम ने मोबाइल से गुलदार की वीडियो बना ली। कुछ देर डोल पर रुकने के बाद गुलदार पास के गन्ने के खेत में चला गया। गुलदार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ग्रामीणों में खौफ का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने के खेतों में गुलदार की मौजूदगी से किसानों के लिए खेतों पर जाना मुश्किल होने लगा है, परंतु वन विभाग अपनी कुंभकर्णी नींद से जागने को तैयार नहीं है। सुबह और शाम खेतों में कृषि कार्य करने वाले किसान, मजदूर डरे-सहमे हैं। वहीं पशुओं के लिए जंगल चारा लेने जाने वाले भी फिर से गुलदार की दस्तक से डरे हुये है।

### पिंजरा लगाया जायेगा

**घटना के संबंध में बिजनौर रेंज के रेंजर महेश गौतम ने बताया कि जहां पूर्व में भी गुलदार देखा गया है। वहां जल्द ही पिंजरा लगाया जाएगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जंगल में पशुचारा लेने जाते समय अकेले ना जाएं बल्कि झुण्ड बनाकर जाएं, कृषि कार्य करते समय सतर्क रहें।**

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा



## राशिफल

**विमल जैन**
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शनिवार, 22 अगस्त 2026**

मेष- धनहानि की आशंका, आय की अपेक्षा व्यय की अधिकता, पारिवारिक कठिनाइयों से उलझनें, आपसी सम्बन्धों में तालमेल का अभाव, मन व्यतिक्रम।

वृषभ- व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, विशिष्टजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोरंजन की ओर रुझान।

मिथुन- साहसिक प्रयास प्रगति पर, समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, शुभ भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति की अनुभूति, मनोबल में वृद्धि, अड़चनें समाप्त।

कर्क- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना दृष्टिगत, मेलमिलाप में रुचि, व्यवसाय में विस्तार एवं नवपरिवर्तन की दिशा में किये जा रहे प्रयास सफल, संभावित यात्रा।

सिंह- कार्यों में असफलता, अपनी प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित, बातचीत के दौरान किसी से वाद-विवाद की आशंका, अकारण भ्रमण से अनावश्यक व्यय।

कन्या- कठिनाइयों के निवारण हेतु प्रयास सार्थक, स्वविवेक से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य हितकर, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, यात्रा सुखद।

तुला- किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, परिवार में सुख शांति का समय, विवादास्पद मसला पक्ष में सुलझने की ओर, भोगविलासिता की ओर रुझान।

वृश्चिक-स्वास्थ्य सुधार पर विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, घरेलू सुख में उपस्थित दिक्कतें समाप्त, यात्रा में लाभ।

धनु- स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों के प्रति उदासीनता, विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, आपसी सम्बन्धों में कटुता, राजकीय पक्ष से कष्ट, वाद-विवाद।

मकर- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति, कठिनाइयों का निराकरण, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्षोल्लास, सामाजिक क्रियाकलापों में वृद्धि, नवसम्पर्क का सुयोग।

कुम्भ- अधूरे या नवकार्य पूर्णता की ओर, कुछेक समस्याओं का समाधान पक्ष में, मांगलिक आयोजन सम्पादित, आरोग्य सुख, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

मीन- व्यवसाय में विस्तार की दिशा में प्रयास, धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था जागृत, व्यक्तिगत समस्या संतोषजनक समाधान, भोगविलासिता की ओर रुझान, हर्ष भी।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# नगीना के सिटी पीजी कॉलेज में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में भी पढ़ सकेंगे विद्यार्थी, मान्यता मिली

**नगीना ( चिंगारी )। सिटी पीजी कॉलेज नगीना को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान ( एनआईओएस ) दिल्ली द्वारा सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी स्तर की शिक्षा संचालित करने की मान्यता दी गई है। कॉलेज के संस्थापक फहीमुद्दीन अंसारी व नाज़िर अनवर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी शिक्षा के लिए एक बेहतर विकल्प उपलब्ध होगा।**

कॉलेज प्रबंधन के अनुसार एनआईओएस के माध्यम से संचालित शैक्षणिक व्यवस्था के अंतर्गत विद्यार्थी सिटी पीजी कॉलेज में सेकेंडरी (हाईस्कूल) और सीनियर सेकेंडरी (इंटरमीडिएट) स्तर की शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रवेश ले सकेंगे। सीनियर सेकेंडरी स्तर पर विद्यार्थियों के लिए कॉमर्स, साइंस और आर्ट स्ट्रीम का विकल्प उपलब्ध रहेगा।

इस पहल से उन विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है जो किसी कारण से नियमित विद्यालय से शिक्षा पूरी नहीं कर पाए हैं या फिर अपनी शिक्षा को दोबारा जारी रखना चाहते हैं तो नगीना क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए ये बड़ी उपलब्धि साबित होगी। कॉलेज संस्थापक फहीमुद्दीन अंसारी व नाजिर अनवर ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य क्षेत्र के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर से जोड़ना है।

# यूजीसी के ख़िलाफ़ राजपूत करणी सेना ने किया प्रदर्शन



## एसडीएम को दिया ज्ञापन

**धामपुर ( चिंगारी )।** यूजीसी को वापस लेने की मांग को लेकर आज शुक्रवार को श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना और राजपूत लेडीज क्लब ने नगीना चौराहा पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। यहां से रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उपजिलाधिकारी नितिन कुमार को सौंपे ज्ञापन में यूजीसी की नीतियों को तत्काल वापस लेने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इन नीतियों को लेकर समाज में असंतोष है और सरकार को इस मामले में गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आगे भी आंदोलन जारी रखेगा। इस दौरान केशव सिंह, सुनीता मीणा, शीतल, प्रीति पाल, सुजाता, निरुपम, सर्वेश, मोनिका, ज्योति, शोभा, निधि, ब्योमकेश चौहान, प्रिंस कुमार, नीरज कुमार, प्रिंस चौहान, पीयूष गहलोत, टीकम सिंह फौजी, संध्या सिंह, पूनम राजपूत आदि मौजूद रहे।

# आशुतोष रांका से धक्का-मुक्की

## सीजेपी कार्यकर्ताओं को ग्रामीणों ने पटककर पीटा



**जयपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के बगरू इलाके में रामपुरा-कंवरपुरा गांव में सरकारी स्कूल को लेकर जबरदस्त हंगामा हो गया। कॉकरोच जनता पार्टी ने अपने अभियान स्कूल ठीक करो के तहत पार्टी के कार्यकर्ता गांव के सरकारी स्कूल की हालत देखने भेजे थे, लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें खदेड़ दिया, वहीं सीजेपीके प्रवक्ता आशुतोष रांका ने आरोप लगाया कि उनकी टीम के साथियों के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मारपीट की और गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। सुबह-सुबह रामपुरा-कंवरपुरा गांव के राजकीय प्राथमिक स्कूल में उस समय हंगामा हुआ जब सीजेपी के कार्यकर्ता स्कूल की हालत देखने वहां पहुंचे। गांव वालों ने इसका विरोध किया और उन्हें भगा दिया। इसके थोड़ी देर बाद आशुतोष रांका खुद स्कूल पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनके खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। माहौल धीरे-धीरे तनावपूर्ण हो गया और देखते ही देखते धक्का-मुक्की शुरू हुई। ग्रामीणों ने कार्यकर्ताओं की पिटाई कर दी और उन्हें गांव से दौड़ाया, साथ ही गाड़ियों के शीशे भी तोड़ दिए गए। माहौल धीरे-धीरे तनावपूर्ण हो गया और देखते ही देखते धक्का-मुक्की शुरू हो गई। आरोप है कि इसके बाद ग्रामीणों ने आशुतोष समेत सीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की और उन्हें गांव से खदेड़ दिया।

# चंपत राय के पत्र पर नृपेंद्र मिश्रा बोले- मैंने पत्र नहीं देखा



अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)। राम मंदिर भवन निर्माण समिति की बैठक के दूसरे दिन समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनना करोड़ों श्रद्धालुओं के सपने के साकार होने जैसा है। नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर निर्माण में केंद्र या राज्य सरकार का पैसा नहीं लगा है। मंदिर और परिसर के निर्माण का कार्य ट्रस्ट द्वारा एकत्रित धनराशि से कराया गया है। निर्माण के लिए तय किए गए करीब 70 कार्यों में से लगभग 60 कार्य पूरे हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिन निर्माण कार्यों को पूरा कर लिया गया है, उन्हें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपा जा चुका है। अब इन निर्माणों के रखरखाव की जिम्मेदारी ट्रस्ट की होगी। मंदिर परिसर में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए सीवेज और ड्रेनेज व्यवस्था को मुख्य नाले से जोड़ने की योजना पर काम किया जाएगा। इसका उद्देश्य बारिश के पानी की निकासी को बेहतर बनाना है। नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि अब रामकथा संग्रहालय, ऑडिटोरियम और ट्रस्ट कार्यालय के निर्माण कार्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संग्रहालय की गैलरी नंबर-7 के निर्माण पर करीब पांच करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

# क्या वो शहादत याद है?




जब कहें हम गर्व से हिंदोस्तां आजाद है
क्या किसी को उन शहीदों की शहादत याद है
वो शहादत याद है?
कैसे दीवाने थे वो खुद सर पे बांधा था कफ़न
कैसी मांएं थीं कहा- घर बाद में पहले वतन
क्या भगत सिंह याद हैं और क्या वो बिस्मिल याद हैं
हिम्मतें अशफ़ाक की, आजाद भी क्या याद हैं?
कितनी कीमत दी है हमने कितनी खाईं गोलियां
क्या जुनूं घर-घर से निकलीं थीं हजारों टोलियां
आओ उन पन्नों को पलटें,चुप ना यूं बैठे रहें
मिट गया दुश्मन तभी,आंगन सजीं रंगोलियां
हम पढ़ें आगे बढ़ें फूले फले अपना चमन
हो वतन आगे, हो अमनो-चैन तो आज़ाद हैं
नफ़रतों की ताकतों के खत्म सब नासूर हों
हम वतन की शान में जी लें मरें, दस्तूर हो
नौजवां लिक्खें कहानी- शाद हिंदुस्तान की
शान से फहरे तिरंगा, रौनकें भरपूर हों



मुंह ना देखें अब किसी का, हम
खुदी भारत बने
आसमां से उन शहीदों की यही
फरियाद है
जब कहें हम गर्व से ....

-निरूपमा चौधरी

# श्रीनगर की मेयर 10 पार्षदों के साथ भाजपा में शामिल

## गणेश गोदियाल बोले- वो भाजपा की थीं, वापस चली गई

**देहरादून ( चिंगारी )।** श्रीनगर की निर्दलीय मेयर आरती भंडारी समेत 10 पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद उत्तराखंड की सियासत गरमा गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने इस राजनीतिक घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए मेयर आरती भंडारी को लेकर कहा कि वह पहले भी भाजपा से जुड़ी थीं और अब भाजपा में वापस चली गई हैं। उन्होंने कहा कि मेयर के भाजपा में जाने से कांग्रेस को कोई खास फर्क नहीं पड़ता, लेकिन उनके साथ भाजपा में शामिल हुए पार्षदों के फैसले पर सवाल जरूर खड़े होते हैं।



पत्रकारों से वार्ता करते हुए गणेश गोदियाल।

गणेश गोदियाल ने कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले पार्षदों में अनुसूचित जाति वर्ग से आने वाले प्रतिनिधि भी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे पार्षदों को भाजपा में शामिल होने से पहले एक बार जरूर सोचना चाहिए था। गोदियाल ने हाल ही में हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम के बाद भाजपा की ओर से कथित तौर पर मंच के शुद्धीकरण को लेकर उठे विवाद का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि जब दलित समाज और आम लोगों के बीच इस मुद्दे को लेकर नाराजगी है, ऐसे समय में पार्षदों का भाजपा में शामिल होना उनके राजनीतिक हित को प्राथमिकता देने के तौर पर देखा जा सकता है। गोदियाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के चुनाव चिह्न पर जीत हासिल करने के बाद भाजपा में शामिल होना जनता के जनादेश और राजनीतिक नैतिकता से जुड़ा सवाल है।

### कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ता

**गोदियाल ने कहा कि श्रीनगर की मेयर आरती भंडारी के भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस को परेशान होने की जरूरत नहीं है। उनके मुताबिक, आरती पहले भी भाजपा से जुड़ी रही हैं और अब भाजपा में ही वापस गई हैं। हालांकि, उन्होंने 10 पार्षदों के भाजपा में जाने को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि पार्षदों को अपने फैसले के राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव पर विचार करना चाहिए था।**

### श्रीनगर में बदलेंगे राजनीतिक समीकरण?

**मेयर समेत 10 पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद श्रीनगर की स्थानीय राजनीति में नए समीकरण बनने की चर्चा शुरू हो गई है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए इस घटनाक्रम को दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। एक ओर भाजपा इसे संगठन विस्तार और जनसमर्थन के तौर पर देख सकती है, वहीं कांग्रेस के सामने अपने स्थानीय संगठन और पार्षदों के बीच पकड़ मजबूत रखने की चुनौती होगी।**

# गलियों में आयेदिन घूमता रहता है गुलदार वन विभाग पिंजरा लगाने को नहीं तैयार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार विधान सभा की जंगल से सटे आबादी क्षेत्रों में गुलदार की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। आए दिन गुलदार गिवईस्रोत, कालाबड़ की गलियों में घूमता हुआ नजर आ रहा है। हर दिन गुलदार स्ट्रीट डॉग्स व पालतू कुत्तों को अपना निवाला बना रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी वन विभाग इस समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। ऐसे में कब मानव वन्य जीव संघर्ष हो जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। बताते चलें कि कोटद्वार का अधिकांश भाग लैंसडौन वन प्रभाग क्षेत्र से सटा हुआ है। यही कारण है कि जंगल से सटे आबादी क्षेत्रों में जंगली जानवरों की धमक बनी रहती है, जिसमें गुलदार की धमक प्रमुखता से नजर आ रही है। गुलदार द्वारा आमजन पर हमलों की बात करें, तो करीब एक माह पूर्व सनेह क्षेत्र में गुलदार ने घास लेने जा रही एक महिला पर हमला कर दिया था। एक सप्ताह पूर्व ही सनेह में गुलदार ने सुबह की सैर पर निकले बुजुर्ग पर भी हमला किया। गिवईस्रोत व कालाबड़ क्षेत्र में तो हर रोज गुलदार गलियों में घूमता हुआ दिखाई दे रहा है।

गिवईस्रोत निवासी मनोहर सिंह, विजय सिंह, सतेंद्र कुमार व गिरिश चंद्र ने बताया कि क्षेत्र में पिंजरा लगवाने के लिए वे कई बार जनप्रतिनिधि व अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं। बावजूद अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। हालत यह है कि शाम ढलते ही ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे आधिक चिंता बच्चों व बुजुर्गों को लेकर बनी रहती है। वहीं, ध्रुवपुर-कण्वाश्रम मार्ग पर भी आए दिन गुलदार घूमता हुआ नजर आ रहा है। कई बार गुलदार सड़क किनारे हाथी सुरक्षा दीवार के ऊपर बैठा भी नजर आया है, जिससे आम जन में भय व्याप्त है।

# एनडीपीएस एक्ट मामले में फ़रार ढाई हजार का इनामी गिरफ़्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पुलिस व सीपीयू की संयुक्त टीम ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में फरार आरोपी ढाई हजार के इनामी जनपद बिजनौर के नगीना निवासी अब्दुल रऊफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि 26 मई को पुलिस ने नजीबाबाद निवासी प्रमोद यादव नामक व्यक्ति को 20 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। मामले की विवेचना एवं मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त से जुड़े नेटवर्क की गहन पड़ताल के दौरान पुलिस टीम द्वारा एक अन्य आरोपी अब्दुल रऊफ की संलिप्ता प्रकाश में आई। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के



लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पवार ने ढाई हजार का नगद इनाम घोषित किया था। पुलिस ने आरोप अब्दुल रऊफ को रायपुर जनपद बिजनौर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम में सीआईयू के उप निरीक्षक रणजीत तोमर हेड कांस्टेबल गुरमीत, अवनीश व सितांशु शामिल थे।

## राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी को उच्चीकृत करने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** डू समथिंग सोसाइटी ने भाबर क्षेत्र स्थित राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी को उच्चीकृत करने की मांग की है। कहा कि वर्तमान में यहां अध्ययनरत छात्रों को स्नातक के बाद की पढ़ाई के लिए कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय जाना पड़ता है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। इस संबंध में सोसाइटी के अध्यक्ष मयंक प्रकाश कोठारी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र प्रेषित किया। पत्र में उन्होंने कहा है कि वर्तमान में इस महाविद्यालय में केवल स्नातक स्तर की कक्षाएं ही संचालित हो रही हैं। इसके बाद छात्र-छात्राओं को क्षेत्र से लगभग 15 किमी. दूर कोटद्वार में स्थापित स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु जाना पड़ रहा है। रोजाना इतनी दूर जाने में उन पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कहा कि विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए महाविद्यालय में मूलभूत संसाधनों को बढ़ाने के साथ ही शिक्षकों के रिक्त पदों को भरा जाना चाहिए ताकि भाबर और दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्राओं को स्थानीय स्तर पर ही उच्च शिक्षा की सुविधा मिल सके। कहा कि संस्था द्वारा इस संबंध में पूर्व में भी प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षामंत्री को इस विषय में पत्रों व ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पत्र में उन्होंने मुख्यमंत्री से इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की है।

**डू समथिंग ने भेजा मुख्यमंत्री को पत्र**

# सुरेन्द्र सिंह नेगी ने भाजपा सरकारों की नीतियों पर बोला हमला

## प्रेस वार्ता में किया पत्रकारों से संवाद

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से विभिन्न मुद्दों को लेकर देवी रोड स्थित एक होटल के सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं और विकास कार्यों में कथित लापरवाही से परेशान है, लेकिन सरकार जनता के सवालों का जवाब देने के बजाय मुद्दों से ध्यान भटकाने में लगी है। उन्होने हल्द्वानी में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम के बाद किए गए शुद्धिकरण कार्यक्रम पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि किसी व्यक्ति की सामाजिक पृष्ठभूमि या जाति को आधार बनाकर उसके कार्यक्रम के बाद किसी स्थान का कथित शुद्धिकरण किया जाना दलित


पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कोटद्वार में की प्रेस वार्ता।

समाज के सम्मान और संविधान की मूल भावना पर गंभीर सवाल खड़े करता है। कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में दलित समाज सहित समाज के प्रत्येक वर्ग का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और किसी भी वर्ग के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली मानसिकता को स्वीकार नहीं किया जा सकता। भर्ती परीक्षाओं को लेकर उन्होंने कहा कि लगातार परीक्षाओं और प्रश्नपत्रों में त्रुटियों की खबरें सामने आना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। सरकार को भर्ती प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए और युवाओं के बीच विश्वास बहाल करना चाहिए।

लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग पर उन्होंने कहा कि जिस परियोजना को कांग्रेस सरकार के समय आगे बढ़ाया गया था, वह आज भी अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पाई है। उन्होंने कहा कि पहले स्वीकृति और कार्य प्रारंभ होने के बावजूद बाद में ऐसी परिस्थितियां बनीं कि मामला न्यायालय तक पहुंच गया। उन्होंने इसे सरकार की विफलता बताते हुए कहा कि अब सरकार को इस महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण को लेकर स्पष्ट समयबद्ध कार्ययोजना जनता के सामने रखनी चाहिए। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी कोटद्वार की अध्यक्ष मीना बछुवाण, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सुधा असवाल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. चंद्रमोहन खर्कवाल और पूर्व राज्य मंत्री विजय नारायण आदि मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# नौ आईपीएस अधिकारियों के तबादले, अविनाश पांडे और केके बिश्नोई भी हटाए गये

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के नौ वरिष्ठ अधिकारियों का गुरुवार देर रात तबादला कर दिया है। तबादला सूची में मेरठ के चर्चित एसएसपी अविनाश पांडे, संभल के पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई और सुल्तानपुर की एसपी चारु निगम समेत कई अधिकारियों के नाम शामिल हैं। मेरठ के एसएसपी अविनाश पांडे को पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक पद पर संबद्ध किया गया है। वह हाल में पुलिस वाहन में घुसकर एक प्रदर्शनकारी को थप्पड़ मारने के मामले को लेकर चर्चा में आए थे। उनके स्थान पर बीबीजीटीएस मूर्ति को मेरठ का नया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

सुल्तानपुर की पुलिस अधीक्षक चारु निगम का भी तबादला किया गया है। उन्हें यूपी-112 लखनऊ में पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। उनके स्थान पर गोंडा के एसपी विनीत जायसवाल को सुल्तानपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विनीत जायसवाल के स्थान पर बिजनौर के एसपी अभिषेक झा को गोंडा का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहीं संभल के चर्चित आईपीएस अधिकारी केके बिश्नोई को संभल से हटाकर बिजनौर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। बाराबंकी के पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी को पहली बार जिले की कप्तानी मिली है। उन्हें संभल का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसी तरह वर्ष 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी विकास कुमार को बलरामपुर के एसपी पद से स्थानांतरित कर झांसी का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

हरदोई में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात मार्तंड प्रकाश सिंह को बलरामपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। पुलिस विभाग में हुए इस फेरबदल को कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## कृष्ण बिश्नोई संभल में एक साल 11 महीने रहे

संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई का तबादला कर दिया गया है। उन्हें बिजनौर का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। उन्होंने संभल में 1 साल 11 महीने 10 दिन का कार्यकाल पूरा किया। उनके स्थान पर विकास चंद्र त्रिपाठी को संभल का नया एसपी बनाया गया है। विकास चंद्र त्रिपाठी वर्तमान में बाराबंकी में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे। वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर के रहने वाले हैं। कृष्ण कुमार बिश्नोई की पहली पोस्टिंग 2019 में मेरठ में हुई। उन्हें परतापुर थाने का प्रभारी बनाया गया। यहां उन्होंने अपराधियों की कुंडली खंगालने और उनके खिलाफ कार्रवाई पर फोकस किया। इसी दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के



कुख्यात माफिया बदन सिंह बद्दो का मामला भी सामने आया। बद्दो मेरठ पुलिस की कस्टडी से फरार हुआ था और उस पर पांच लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने उसकी संपत्तियों पर भी कार्रवाई की। इसके बाद वह मुजफ्फरनगर में अपर पुलिस अधीक्षक रहे। यहां उन्होंने कुख्यात अपराधी सुशील मूंछ को जेल भेजने की कार्रवाई में भूमिका निभाई। संजीव जीवा और विक्की त्यागी समेत अन्य कुख्यात आरोपियों की संपत्तियों को भी चिन्हित किया गया।

जॉब ओपनिंग | चाँदपुर-बिजनौर

एक प्रतिष्ठित प्रशिक्षण एवं रोजगार परियोजना के लिए योग्य, स्मार्ट एवं अनुभवी उम्मीदवारों की आवश्यकता है

Centre Head

* सेंटर के सम्पूर्ण संचालन एवं प्रशासन की जिम्मेदारी
* पूरी टीम का नेतृत्व एवं performance management
* सरकारी/प्रोजेक्ट टीम के साथ coordination एवं reporting
* Documentation एवं MIS की अच्छी समझ
* Excellent English Communication & Computer Skills अनिवार्य
* Leadership, decision-making एवं problem-solving skills
* संबंधित क्षेत्र में अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता

Computer Operator

* कंप्यूटर की अच्छी Practical Knowledge अनिवार्य
* MS Office, EXcel, Word, Email एवं Online Work की जानकारी
* Data Entry, Documentation एवं MIS/Reporting में दक्षता
* स्मार्ट एवं जिम्मेदार उम्मीदवारों को प्राथमिकता

## थप्पड़बाज एसएसपी अविनाश पांडेय को योगी सरकार ने मेरठ से हटाकर दिया बड़ा संदेश

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने गुरुवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया। सूबे के 9 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए हैं, जिनमें संभल के चर्चित आईपीएस केके बिश्नोई और मेरठ में थप्पड़ कांड से चर्चा में आए एसएसपी अविनाश पांडे का नाम भी शामिल है। केके बिश्नोई को संभल से स्थानांतरित कर बिजनौर जिले का कप्तान बना दिया गया है, जबकि अविनाश पांडे को मेरठ से हटाकर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मुख्यालय, लखनऊ में पुलिस अधीक्षक (एसपी) पद पर संबद्ध कर दिया गया है। अविनाश पांडे उस समय चर्चा में आए थे, जब मेरठ में दलित बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए प्रदर्शन कर रहे लोगों पर कार्रवाई के दौरान वे एक पुलिस वैन में घुसे और प्रदर्शनकारी पर थप्पड़ बरसा दिए। माना जा रहा है कि इसी कार्रवाई के कारण उन्हें मेरठ से हटाया गया है। योगी सरकार के इस फैसले को राजनीतिक विश्लेषक दलित राजनीति को साधने और जन-असंतोष को शांत करने के कदम के रूप में देख रहे हैं।




मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423



Gents Specialist
CLASSIC TAILORS
9927060150
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर